01 May -26 page 1 30-04-26 10:54 PM Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शुक्रवार 01 मई -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 128 पेज -08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## सपा को देख गिरगिट भी सहम जाए... बार बार रंग बदलते हैं : सीएम योगी आदित्यनाथ



**नई दिल्ली।** महिला आरक्षण पर गुरूवार को यूपी विधानमंडल का विशेष सत्र बुलाया गया। सदन को संबोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये सत्र आधी आबादी को समर्पित है। उन्होंने कहा कि नारी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। कांग्रेस और सपा की मानसिकता महिला विरोधी है इसलिए इन्होने संसद में विरोध किया था। समाजवादी पार्टी गिरगिट की तरह रंग बदलती है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा सत्र में बोलते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सत्र को 'आधी आबादी' यानी महिलाओं को समर्पित किया। उन्होंने सपा और कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि इनकी मानसिकता महिला विरोधी है। सीएम ने याद दिलाया कि जब पीएम मोदी ने महिलाओं के लिए जनधन खाते और घर-घर शौचालय जैसी योजनाएं शुरू कीं, तब इन दलों ने विरोध किया था।

सीएम योगी ने आरोप लगाया कि पिछली सरकारें लाभार्थियों का पैसा हड़प जाती थीं, जबकि डबल इंजन सरकार सीधे खातों में पैसे भेज रही है। उन्होंने विपक्ष को महिला आरक्षण और सुरक्षा के मुद्दे पर संसद से सड़क तक बेनकाब होने का दावा किया।

सीएम योगी ने कहा कि 1995 का गेस्ट हाउस कांड सपा का असली आचरण है और कांग्रेस का पतन मौलवियों के दबाव में शाह बानो को न्याय न देने के कारण हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले सपा के गुंडे खुले में शौच के लिए मजबूर महिलाओं को परेशान करते थे, जिन्हें पीएम मोदी ने शौचालय देकर सम्मान दिया। योगी ने तंज कसा कि गिरगिट भी विपक्ष के बदलते रंग देखकर शर्मा जाए, क्योंकि दिल्ली में आरक्षण का समर्थन करने वाले लखनऊ आते ही रंग बदल लेते हैं। मुख्यमंत्री ने विपक्ष को घेरते हुए कहा कि सपा और कांग्रेस महिला विरोधी मानसिकता के कारण 'श्रापित' हैं।

बकौल सीएम योगी- लोकसभा में सपा और कांग्रेस ने महिला आरक्षण का विरोध किया और यहां आकर आरक्षण मांग रहे हैं। समाजवादी पार्टी के दौर में महिलाएं शाम के बाद घर से बाहर नहीं निकलती थीं। दिल्ली से लखनऊ लौटे तो गिरगिट की तरह रंग बदल लिया। संसद में महिला आरक्षण का विरोध किया और लखनऊ में समर्थन कर रहे हैं।

## लोनी प्रकरण पर सोनू जाटव के परिजनों की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हुई मुलाकात

### न्याय और सख्त कार्रवाई का मिला भरोसा, विधायक लोनी व प्रभारी मंत्री रहे साथ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोनी क्षेत्र स्थित बगरानप में हुए बहुचर्चित सोनू जाटव प्रकरण ने अब राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर गंभीर रूप ले लिया है। दिवंगत सोनू जाटव के परिजनों ने मामले में न्याय की मांग को लेकर लखनऊ पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की।

इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के जिला प्रभारी मंत्री असीम अरुण और लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर भी पीड़ित परिवार के साथ मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी को पूरे घटनाक्रम की विस्तार से जानकारी दी, जिसमें आरोप लगाया गया कि सोनू जाटव की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हुई और प्रारंभिक स्तर पर पुलिस कार्रवाई में लापरवाही बरती गई। परिजनों ने मुख्यमंत्री के सामने न्याय की गुहार लगाते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और



निष्पक्ष जांच की मांग रखी। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले को अत्यंत गंभीर बताते हुए तत्काल प्रभाव से निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा न जाने का भरोसा दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जांच में पारदर्शिता रखी जाए और पीड़ित परिवार को हर स्तर पर संतुष्टि मिले।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि किसी पुलिस अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ सख्त विभागीय और कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, उन्होंने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने और शासन स्तर से हर संभव मदद उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया।

## राज्यपाल वीके सिंह ने संगोष्ठी में रखा इतिहास पर जोर, 'प्रथम विश्वयुद्ध और भारत' पर मंथन

### दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल, बताया-ऐसे आयोजन समाज को करते हैं प्रेरित




**नई दिल्ली/गाजियाबाद करंट क्राइम।** मिजोरम के राज्यपाल एवं गाजियाबाद के पूर्व सांसद वीके सिंह ने दिल्ली विधानसभा और गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति द्वारा आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने 'प्रथम विश्वयुद्ध और भारत' विषय पर आयोजित चर्चा को ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया।

वीके सिंह ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस संगोष्ठी में शामिल होना उनके लिए संतोष का विषय रहा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन इतिहास की समझ को गहरा करने के साथ-साथ समाज को जागरूक और प्रेरित करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि 'प्रथम विश्वयुद्ध और भारत' जैसे विषयों पर गंभीर मंथन से देश के योगदान और उसके प्रभावों को बेहतर तरीके से समझा जा सकता है। कार्यक्रम में विभिन्न विशेषज्ञों और विद्वानों ने भी अपने विचार साझा किए।

## पश्चिम बंगाल के बदमाश को पुलिस ने किया लंगड़ा

### सीआईएसएफ अधिकारी की पत्नी से लूटा था कुंडल, क्राइम ब्रांच थाना पुलिस ने किया एनकाउंटर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** थाना कौशांबी क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में क्राइम ब्रांच स्वाट टीम और पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के असिस्टेंट कमांडेंट की पत्नी से कुंडल लूटने वाले बदमाश को दबोच लिया है।



### लगातार क्राइम ब्रांच की रडार पर बदमाश

करंट क्राइम : चेकिंग के दौरान संदिग्ध बाइक सवारों को रोकने का प्रयास किया गया तो वे भागने लगे और पीछा करने पर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल होकर गिर पड़ा, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। इस पूरी कार्रवाई में क्राइम ब्रांच प्रभारी अनिल राजपूत की टीम की अहम भूमिका रही, जिन्होंने बदमाशों का पीछा कर उन्हें घेरने की रणनीति बनाई। मुठभेड़ में चौकी प्रभारी कौशांबी जयवर्धन भी शामिल रहे और घायल बदमाश को तुरंत अस्पताल भेजा गया। फरार आरोपी की तलाश के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। वहीं पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने सख्त संदेश देते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ इसी तरह की कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि आम जनता सुरक्षित महसूस कर सके।

मुठभेड़ के दौरान बदमाश के दोनों पैरों में गोली लगी, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पैरों में फैक्चर हो गया है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान अब्दुल (32 वर्ष) निवासी मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल (हाल पता मकनपुर, इंदिरापुरम) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से लूटा गया कुंडल, 0.315 बोर का अवैध तमंचा, जिंदा व खोखा कारतूस और बिना नंबर की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है।

एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया है कि क्राइम ब्रांच स्वाट टीम को सूचना मिली कि थाना कौशांबी के मुकदमें संख्या में वांछित अपराधी अपने साथी के साथ बिना नंबर की स्प्लेंडर बाइक से क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर स्वाट टीम और थाना पुलिस ने 2/5 पुलिया रोड एलिवेटेड रोड के नीचे चेकिंग शुरू की।

## आरडीसी पुलिस चौकी का हुआ उद्घाटन, पूरे इलाके की सुरक्षा होगी और मजबूत, मेयर-डीसीपी-एसीपी व थाना प्रभारी रहे मौजूद





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कवि नगर थानाक्षेत्र स्थित आरडीसी (आरडीसी) पुलिस चौकी को आधुनिक रूप देकर गुरुवार को उसका भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर महापौर सुनीता दयाल, डीसीपी सिटी धवल जायसवाल, एसीपी कवि नगर सूर्यबलि मौर्य और थाना प्रभारी अनुराग शर्मा मौजूद रहे। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि नवनिर्मित चौकी से आरडीसी जैसे व्यस्त और संवेदनशील इलाके की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी। यह चौकी आम जनता के लिए भी सहायता और विश्वास का केंद्र बनेगी। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद लगातार थानों और चौकियों को आधुनिक बनाकर बेहतर पुलिसिंग की दिशा में काम कर रहा है। आरडीसी क्षेत्र शहर का प्रमुख व्यावसायिक हब है, जहां बड़े शोरूम, कॉर्पोरेट ऑफिस और प्रतिष्ठान स्थित हैं। ऐसे में यहां सुरक्षा व्यवस्था हमेशा चुनौतीपूर्ण रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए चौकी को हाईटेक बनाया गया है, जिससे पूरे क्षेत्र पर प्रभावी निगरानी रखी जा सके।

### 2000 से ज्यादा कैमरों से होगी निगरानी

**करंट क्राइम :** आरडीसी पुलिस चौकी की नजर अब 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों पर रहेगी। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल के अनुसार, चौकी में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा, जिसमें महिला पुलिसकर्मियों की भी भागीदारी होगी। नियमित पैदल गश्त होगी, तो वाहन चेकिंग अभियान और अपराध नियंत्रण के लिए विशेष एक्शन भी बनाया गया है। वहीं ऑपरेशन सवेरा और मिशन शक्ति अभियान चलाए जाएंगे।

### चौकी के आसपास रोशनी और हरियाली पर जोर

**करंट क्राइम :** महापौर ने चौकी परिसर को सुरक्षित और सुंदर बनाने के लिए कई घोषणाएं की है कि एक दर्जन से अधिक हाईमास्ट और एलईडी लाइट लगाई जाएंगी। हरियाली के लिए गमले और पौधे लगाए जाएंगे। नियमित साफ-सफाई और पानी के छिड़काव की व्यवस्था रहेगी। वहीं नगर निगम की टीम चौकी परिसर को स्वच्छ बनाए रखेगी। इस पहल से न सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि आम नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास भी बढ़ेगा।

## सिहानी गेट थाने का सीपी ने किया औचक निरीक्षण, कड़े तेवर से मचा हड़कंप

## लॉकअप से मिशन शक्ति केंद्र तक गहन जांच, लापरवाही पर सख्त नाराजगी



### - 15 दिन में सुधार की चेतावनी, अधिकारियों को दिए स्पष्ट निर्देश

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए लगातार चल रहे निरीक्षण अभियान के तहत बुधवार देर रात पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने सिहानी गेट थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनका रुख सख्त रहा, जिससे पूरे थाना परिसर में हड़कंप की स्थिति बन गई।

निरीक्षण के समय थाना प्रभारी किसी कार्यवश बाहर थे, ऐसे में सर्किल के एसीपी जियाउद्दीन मौके पर मौजूद रहे और उन्होंने पुलिस कमिश्नर को व्यवस्थाओं की जानकारी दी। पुलिस कमिश्नर ने थाना परिसर के हर महत्वपूर्ण हिस्से का बारीकी से निरीक्षण करते हुए कई स्तरों पर जांच की। सूत्रों के अनुसार, पुलिस कमिश्नर ने लॉकअप, शस्त्रागार, मालखाना, अपराध नियंत्रण से जुड़े रजिस्टर, लंबित विवेचनाओं और जनता की शिकायतों के निस्तारण की स्थिति को गंभीरता से परखा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर मामले में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण करते हुए वहां महिलाओं से संबंधित मामलों के निस्तारण, काउंसलिंग व्यवस्था और गोपनीयता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता सर्वोपरि होनी चाहिए और पीड़ितों को हर स्तर पर सहयोग मिले। नवनियुक्त प्रशिक्षु पुलिसकर्मियों से सीधे संवाद करते हुए पुलिस कमिश्नर ने उनके रहने, खाने, स्वच्छता, शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रशिक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए, ताकि जवान बेहतर तरीके से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें।

### पुलिस की छवि सुधारने पर दिया जोर



**करंट क्राइम :** इसके अलावा उन्होंने ड्यूटी के दौरान अनुशासन, समयपालन और जनता के साथ व्यवहार को लेकर भी सख्त दिशा-निर्देश दिए। पुलिस कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि पुलिस की छवि सुधारने के लिए व्यवहारिक बदलाव जरूरी है और इसमें किसी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सूत्रों का कहना है कि सिहानी गेट सर्किल से जुड़े कुछ मामले इन दिनों संवेदनशील बने हुए हैं और कई प्रकरण न्यायालयों व अन्य विभागों में लंबित हैं। ऐसे में पुलिस कमिश्नर ने सभी मामलों की नियमित मॉनिटरिंग करने और आवश्यकतानुसार वरिष्ठ अधिकारियों को रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। अंत में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को 15 दिन के भीतर सभी कमियों को दूर करने के निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि अगली समीक्षा में यदि सुधार नहीं मिला तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कमिश्नर का यह कड़ा रुख साफ संकेत है कि कमिश्नरेट में लापरवाही अब किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## गाजियाबाद में अग्निशमन सेवाएं होंगी हाईटेक, 100 करोड़ की योजना को मंजूरी




### 102 मीटर ऊंचाई तक पहुंचने वाली अत्याधुनिक हाइड्रोलिक मशीनें खरीदी जाएंगी, बहुमंजिला इमारतों में आग से निपटने की क्षमता होगी मजबूत

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में तीव्र शहरीकरण एवं बहुमंजिला इमारतों की बढ़ती संख्या को दृष्टिगत रखते हुए, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। प्राधिकरण द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों को बोर्ड से परिचालन के माध्यम से अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है। इस अनुमोदन के अंतर्गत अग्निशमन सेवाओं को सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने हेतु लगभग 100 करोड़ की धनराशि की स्वीकृति गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा विधिवत प्राप्त की जा चुकी है।

उक्त स्वीकृति के क्रम में अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग को धनराशि उपलब्ध कराए जाने हेतु पत्र प्रेषित किया जा चुका है, जिसमें उनसे आवश्यक विवरण/खाता संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है, ताकि शीघ्रतापूर्वक धनराशि उनके खाते में स्थानांतरित की जा सके।

प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित योजना के अंतर्गत लगभग 102 मीटर ऊंचाई तक कार्य करने में सक्षम 02 अत्याधुनिक हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म मशीनों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, जिससे उच्च-ऊंचाई वाली इमारतों में आग लगने की स्थिति में त्वरित, सुरक्षित एवं प्रभावी बचाव कार्य संभव हो सकेगा। प्रदेश सरकार के निदेशों के अनुरूप गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा यह पहल त्वरित रूप से क्रियान्वित की जा रही है और संबंधित विभाग से अपेक्षा की गई है कि आवश्यक विवरण शीघ्र उपलब्ध कराते हुए प्रक्रिया को तेजी से पूर्ण किया जाए, जिससे जनहित में इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जा सके।

यह कदम न केवल अग्निशमन विभाग की कार्यक्षमता को नई मजबूती प्रदान करेगा, बल्कि शहर को एक सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं आपदा-प्रबंधन के लिए बेहतर रूप से तैयार बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जीडीए की यह प्राथमिकता है कि बहुमंजिला इमारतों में सुरक्षा प्रणाली सुदृढ हो। जीडीए अधिकारियों ने इसी विजन पर काम करते हुए अग्निशमन सुरक्षा प्रणाली को और अधिक पुख्ता करते हुए यह योजना बनाई है।



# रक्षा आत्मनिर्भरता की ओर तेज कदम, 2029 तक 50 हजार करोड़ निर्यात का लक्ष्य

## रक्षा सचिव बोले:वैश्विक तनाव से बढ़ी भारतीय हथियारों की मांग, एशिया-अफ्रीका में बढ़ी दिलचस्पी

**नई दिल्ली।** तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्यों के बीच भारत सरकार, देश के वैज्ञानिक और सेना के अधिकारी दुश्मनों से बचाव के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। यही कारण है कि देश को रक्षा के मोर्चे पर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अभूतपूर्व कवायद हो रही है। देश की सेना के मन में क्या है? सामरिक मोर्चे पर किस तरह के उपकरण जरूरी हैं? नीतिगत मोर्चे पर सरकार यानी रक्षा मंत्रालय और डीआरडीओ यानी रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) जैसे संगठन किस दिशा में योजनाएं बना रहे हैं

ऐसे तमाम सवालों के जवाब राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित नेशनल सिक्योरिटी समिट 2.0 में मिले। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, देश की सेना के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी और डीआरडीओ प्रमुख सरीखे लोग शामिल हुए। कद्दावकर हस्तियों ने रक्षा जगत के तमाम सवालों के जवाब दिए। भारत 2029 तक 50,000 करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात करेगाः रक्षा सचिव इस सम्मेलन में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने गुरुवार को विश्वास जताया कि भारत 2029 तक 50,000 करोड़ रुपये के रक्षा निर्यात लक्ष्य को आसानी से पार कर जाएगा। उन्होंने कहा कि देश इस क्षेत्र में तीव्र वृद्धि पथ पर है।

पिछले साल 38,000 करोड़ रुपये का निर्यात हुआ, जो पिछले वर्ष से 61 फीसदी अधिक है। वैश्विक संघर्षों ने पारंपरिक रक्षा उपकरणों की मांग बढ़ाई है। अब सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम निर्यात वृद्धि का नेतृत्व कर रहे हैं। एशिया और अफ्रीका के देशों में भारतीय रक्षा प्रणालियों में काफी रुचि है।

सरकार निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष लाइन ऑफ क्रेडिट योजना पर काम कर रही है। भू-राजनीतिक पुनर्संरेखण रक्षा साझेदारी के नए अवसर पैदा कर रहे हैं। यूरोपीय देश भारत के साथ साझेदारी के इच्छुक हैं।



### स्वदेशी लड़ाकू जेट उत्पादन की दिशा में बड़ा कदम, छठी पीढ़ी के लिए भी साझेदारों की तलाश

रक्षा सचिव ने बताया कि भारत के उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) की खरीद प्रक्रिया प्रगति पर है। निजी क्षेत्र को जल्द ही आरएफपी जारी होने की संभावना है। यह स्वदेशी लड़ाकू जेट उत्पादन की दिशा में बड़ा कदम है। भारत छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के लिए साझेदारी भी तलाश रहा है। उत्पादन क्षमताओं में विविधता लाना रणनीतिक रूप से फायदेमंद है। भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमान, रिफ्यूलर और अवाक्स के अंतराल भरने के प्रयास जारी हैं। इनके अनुबंध अगले एक साल में होने की उम्मीद है। डीआरडीओ अध्यक्ष समीर वी कामथ ने घातक यूसीएवी को स्टील्थ लड़ाकू विमान जैसा बताया। रक्षा खरीद बोर्ड ने लगभग 67 ऐसे सिस्टम शामिल करने का प्रस्ताव मंजूर किया।

### भारत की पारंपरिक मिसाइल क्षमताओं का दोबारा मूल्यांकन जरूरी: रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने गुरुवार को कहा कि भारत को अपनी पारंपरिक मिसाइल क्षमताओं का पुनर्मूल्यांकन करना पड़ सकता है। यह पश्चिम एशिया के संघर्षों और पाकिस्तान की सैन्य स्थिति के कारण आवश्यक है। राष्ट्रीय राजधानी में एएनआई राष्ट्रीय सुरक्षा शिखर सम्मेलन में उन्होंने उन्नत हथियार, मजबूत वायु रक्षा प्रणालियों और त्वरित खरीद के महत्व पर जोर दिया। सिंह ने बताया कि बदलता रणनीतिक माहौल और पाकिस्तान द्वारा पारंपरिक मिसाइल बल का निर्माण भारत की रक्षा योजना में बदलाव की मांग करता है। भारत उत्पादन क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ संस्थागत प्रक्रियाओं में देरी नहीं करेगा और व्यापक औद्योगिक भागीदारी को बढ़ावा देगा। वैश्विक संघर्षों से मिले सबक रक्षा आधुनिकीकरण का मार्गदर्शन कर रहे हैं, वायु रक्षा और ड्रोन प्राथमिकताएं हैं। प्रधानमंत्री ने पिछले साल 'सुदर्शन चक्र मिशन' की घोषणा की थी, जिस पर काम चल रहा है। पिछले दो वर्षों में लगभग 4.5 लाख करोड़ रुपये के रक्षा अनुबंध किए गए हैं, महत्वपूर्ण क्षमता अंतराल भरे जा रहे हैं।

# ऑपरेशन प्रहार को लेकर बंगाली कॉलोनी में ट्रांस हिंडन पुलिस का सघन चेकिंग अभियान

## संदिग्धों की हुई तलाशी, फोर्स ने पूरे इलाके को घेरा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत गुरुवार को शालीमार गार्डन क्षेत्र की बंगाली कॉलोनी में बड़े स्तर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इलाके में दो थानों की पुलिस फोर्स ने डेरा डालते हुए पूरे क्षेत्र को घेर लिया, जिससे दिनभर पुलिस की सक्रिय मौजूदगी से माहौल पूरी तरह सतर्क नजर आया। अभियान का नेतृत्व एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने किया। उनके साथ थाना प्रभारी शालीमार गार्डन अवधेश त्रिपाठी और टीलामोड़ थाना प्रभारी रवि बालियान समेत भारी पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस टीम ने कॉलोनी के घर-घर जाकर संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली और पहचान सत्यापन की कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने विशेष रूप से नशा करने वाले और आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त संदिग्धों को चिन्हित करने का काम किया। सूत्रों के अनुसार, चिन्हित लोगों के खिलाफ जल्द ही सख्त कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

### पुलिस ने पैदल गश्त अभियान भी चलाया

**करंट क्राइम :** इस अभियान के तहत रूट मार्च भी किया गया, जिससे आमजन में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा। साथ ही दिल्ली बॉर्डर पर भी सघन चेकिंग अभियान चलाकर आने-जाने वाले वाहनों और व्यक्तियों की जांच की गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऑपरेशन प्रहार को और प्रभावी व परिणामपरक बनाने के लिए इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे, ताकि क्षेत्र में अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

# यूपी विधानमंडल विशेष सत्र: सीएम योगी बोले- महिलाओं के श्राप से कांग्रेस की दुर्गति हुई अब सपा भी उसी रास्ते पर

**लखनऊ।** यूपी विधानमंडल के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र व राज्य की सरकार की ओर से महिलाओं के उत्थान के लिए किए गए कार्यों की चर्चा की। वहीं, सपा-कांग्रेस को आड़े हाथों लिया।

महिला आरक्षण के मुद्दे पर संसद में पेश हुए संशोधन विधेयक को लेकर यूपी विधानमंडल के बुलाए गए एकदिवसीय विशेष सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने भाषण के प्रारंभ में ही सपा-कांग्रेस को निशाने पर लिया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता में आते ही महिलाओं के नाम जनधन खाते खोले तो सपा के लोगों ने मजाक उड़ाते हुए कहा कि कहां हैं 15 लाख रुपये। जबकि इन्हीं अकाउंट में कोविड के दौरान महिलाओं को शासन की ओर से सहायता दी गई।

महिलाओं को सम्मान देने के लिए उनकी सुरक्षा के लिए देश भर में 12 करोड़ शौचालय बनाए गए लेकिन सपा के लोग कभी भी महिलाओं के सम्मान के प्रति कभी संवेदनशील नहीं रहे। उन्होंने इसका भी मजाक उड़ाया। ये शौचालय नारी की गरिमा के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि अब जब महिलाओं के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है तो उनके लिए 33 फीसदी आरक्षण की मांग कर रहे हैं। उन्होंने सपा पर तंज कसते हुए कहा कि सपाइयों के इस व्यवहार पर तो गिरगिट भी शरमा जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में 10 करोड़ महिलाओं को गैस सिलिंडर दिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में स्टार्ट अप योजना शुरू की गई जिसमें महिलाओं की बड़ी भागीदारी है। लखपति दीदी के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक स्वावलंबन देने में सहायता की गई। कहा कि जब इन लोगों को लगा कि यूपीए से काम नहीं चलेगा तो इंडी गठबंधन बनाया। सपा-कांग्रेस ने हमेशा ही महिलाओं के स्वावलंबन का विरोध किया और इसमें बाधा बने। इन लोगों का चेहरा बोलने का कुछ और दिखाने का कुछ और है लेकिन पूरा देश और प्रदेश आप लोगों के कारनामों को जानता है। सपा के लोगों का आचरण स्टेट गेस्ट हाउस कांड के दौरान सभी ने देखा तब भाजपा के लोग आगे बढ़े कि एक दलित की बेटी को सम्मान मिले। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस की दुर्गति का कारण महिलाओं का श्राप है। महिलाओं के श्राप के कारण कांग्रेस की दुर्गति हुई और अब सपा भी उसी ओर अग्रसर है। शाहबानो के मामले में सबने देखा। सपा-कांग्रेस का आचरण मौलवियों के सामने घुटने टेककर नाक रगड़ने की प्रवृत्ति है।



### सीएम योगी बोले- अपने आचरण की माफी मांगें सपा-कांग्रेस के लोग

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है। यही कारण है कि वर्क फोर्स में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है जिसका परिणाम हुआ है कि यूपी की अर्थव्यवस्था में तीन गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि अगर सपा के लोग महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की मांग कर रहे हैं तो संसद में अपने आचरण की भर्त्सना करें और अपने व्यवहार की निंदा करें और माफी मांगें।

# रिकॉर्ड मतदान के बाद ममता का बड़ा दावा–226 सीटें पार करेगी टीएमसी

## केंद्रीय बलों पर लगाए गंभीर आरोप, एग्जिट पोल को बताया पैसों का खेल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में रिकॉर्ड मतदान के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि मां, माटी और मानुष की सरकार एक बार फिर बनने जा रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि उनकी पार्टी 226 सीटों का आंकड़ा पार करेगी। साथ ही उन्होंने अपने कार्यकताओं से स्ट्रॉग रूम की दिन-रात रखवाली करने के लिए भी कहा है। बता दें कि सीएम ममता ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में मुख्यमंत्री ममता ने जनता को संबोधन करते हुए आभार जताया और चुनाव प्रक्रिया के दौरान हुए घटनाक्रम पर गंभीर आरोप लगाए।

मतदाताओं का जताया आभार

सीएम ममता ने कहा, बंगाल के मां, माटी, मानुष को बहुत-बहुत धन्यवाद। आप सभी लोग अच्छे से रहे हैं और स्वस्थ रहें। आप सबके प्रति मैं कृतज्ञ हूं क्योंकि इतनी धूप में और इतने अत्याचार झेलकर आप लोगों ने जिस हिसाब से वोट दिया है, उसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करती हूं। मैं अपने कर्मियों का भी आभार जनाती हूं जिन्होंने तमाम अत्याचार को बर्दास्त करके, ना सिर्फ सेंट्रल फोर्स बल्कि यहां के फोर्स का भी अत्याचार सहन करके अपने काम किया।

'मतगणना के दिन मेरी प्रेस वार्ता तक काउंटिग टेबल पर रहें कार्यकर्ता'

सीएम ममता ने आगे कहा, मैं जब तक प्रेस कॉन्फ्रेंस न कर लूं, काउटिंग एरिया को छोड़कर कोई न जाए। यह भी ध्यान रखना है कि ईवीएम की काउंटिंग के बाद उसका डाटा कम्प्यूटर में सही लिखा जा रहा है कि नहीं। ऐसा भी हो सकता है कि टीएमसी के नंबर भाजपा में जोड़ दिए जाएं। 'केंद्रीय बल भाजपा के एजेंट के तौर पर काम कर रहे हैं' उन्होंने कहा, भारत सरकरार की पूरी मशीनरी, प्रधानमंत्री-गृह मंत्री से लेकर 19 भाजपा शासित राज्यों के नेताओं ने बंगाल के लोगों को कब्जाने की कोशिश की। मैं यह बताती हूं कि मतदाता पेटी में वोट जब्त हो गए हैं।



### '2026 में तृणमूल कांग्रेस 226 सीट का आंकड़ा पार करेगी'

उन्होंने कहा, भारत सरकरार की पूरी मशीनरी, प्रधानमंत्री-गृह मंत्री से लेकर 19 बीजेपी शासित राज्यों के नेताओं ने बंगाल के लोगों को कब्जाने की कोशिश की। मैं यह बताती हूं कि मतदाता पेटी में वोट जब्त हो गए हैं। मैं बहुत निश्चित होकर बोल रही हूं कि जो टीवी पर दिखा रहा है वो सब पैसों का खेल है। मैं स्पष्ट रूप से बोल रही हूं कि 2026 में हम 226 सीटों का आंकड़ा पार करेंगे। लोगों ने जिस तरह वोट दिया है उसके ऊपर मुझे पूरा भरोसा है। भाजपा ने प्रेस के जरिये ये (एग्जिट पोल) कराया है। ये लोग ईडी, सीबीआई के जरिये चमकाते हैं।

### एग्जिट पोल को ममता ने बताया गलत

सीएम ममता ने कहा, मैं दो दिन से सो नहीं पाई हूं। भाजपा तमात हथकंडे अपनाने के बाद भी लोगों से उनका अधिकार नहीं छीन पाई। यही कारण है कि उन्होंने इसके जरिये (एग्जिट पोल) अंतिम खेल खेला है जिससे हमारे कर्मियों का मनोबल टूट जाए। अगर सच्चाई सामने आई तो शेयर मार्केट धड़ाम हो जाएगा। शेयर मार्केट को सांत्वना देने के लिए ये किया है। यह मेरे को विश्वस्त सूत्रों से पता चला है। पिछले एग्जिट पोल का हवाला देते हुए सीएम ममता ने कहा कि पहले भी 2016 और 2021 में एग्जिट पोल गलत साबित हुए हैं। उन्होंने एग्जिट पोल में बीजेपी के पक्ष में दिखाया है। यह एकतरफा दिखाया है। मैं अपने कर्मियों को बोलूंगी कि आज से ही काउंटिंग के लिए पहरा देना शुरू करें। जरूरत पड़ेगी तो मैं भी अपने इलाके में पहरा दूंगी।

# सीनियर सिटीजन सेल करेगी हर थाने और कमिश्नर कार्यालय में पीड़ितों की मदद

## 15 दिन में नोडल प्रभारी डालेंगे हर शिकायती पत्र पर नजर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा और समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सीनियर सिटीजन सेल को और सक्रिय करने का निर्णय लिया है। अब यह सेल हर थाना स्तर के साथ-साथ कमिश्नर कार्यालय में भी पीड़ित बुजुर्गों की मदद के लिए काम करेगी। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के तहत थाना स्तर पर गठित वरिष्ठ नागरिक सेल टीमों ने बुजुर्गों की समस्याओं को उनके निवास स्थान अथवा थाने पर जाकर सुना और उनके समाधान की दिशा में प्रभावी कार्रवाई की। पुलिस कर्मियों ने सीधे संवाद स्थापित कर न सिर्फ शिकायतों को समझा, बल्कि उन्हें सुरक्षा, सहयोग और हरसंभव सहायता का भरोसा भी दिलाया। पुलिस कमिश्नरेट स्तर पर यह भी तय किया गया है कि हर प्राप्त शिकायती पत्र पर नोडल प्रभारी 15 दिन के भीतर नजर रखेंगे और उसकी प्रगति की समीक्षा करेंगे, ताकि किसी भी मामले में देरी न हो। इस पहल से वरिष्ठ नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है और उन्हें पुलिस की सक्रियता व संवेदनशीलता का सकारात्मक अनुभव मिल रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बुजुर्गों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।



# खरगे ने नेतृत्व परिवर्तन की संभावनाओं को किया खारिज क्या खुद को प्रोजेक्ट कर रहे कांग्रेस अध्यक्ष?

**बंगलुरु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की संभावनाओं को खारिज कर दिया है। खरगे ने कहा है कि सीएम बदलने का कोई सवाल ही नहीं है। हालांकि खरगे इशारों-इशारों में खुद को भी सीएम पद के लिए पेश कर गए। कर्नाटक में जारी बयानबाजी के बीच नेतृत्व परिवर्तन की चचाएं तेज थीं, लेकिन एक बार फिर डीके शिवकुमार की उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। दरअसल कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कर्नाटक में सीएम बदलने की संभावनाओं को सिरे से खारिज कर दिया है। मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को कहा कि कर्नाटक में फिलहाल मुख्यमंत्री बदलने का कोई सवाल नहीं है और राज्य में नेतृत्व का मुद्दा जल्द सुलझा लिया जाएगा।

दरअसल नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा था कि अगर खरगे जैसे अनुभवी नेता मुख्यमंत्री बनते हैं तो पार्टी में सभी इसका स्वागत करेंगे। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा, 'आप (मीडिया), वे (परमेश्वर) और कई लोग कहते हैं कि मुझे मुख्यमंत्री बनना चाहिए। लेकिन मेरे बारे में फैसला, मेरी किस्मत से ज्यादा, मेरी विचारधारा और पार्टी के प्रति मेरी सेवा के आधार पर, सोनिया गांधी लेती हैं।'

उन्होंने कहा, 'अभी यह सवाल ही नहीं उठता। यहां पहले से मुख्यमंत्री हैं। अगर सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मैं मिलकर कोई फैसला करते हैं, तो उसमें समय लगेगा। तब तक इंतजार कीजिए।' वहीं, जद(एस) नेता और केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने एक बयान में कहा कि करीब 40 कांग्रेस विधायक अगले महीने दिल्ली जाने वाले हैं।



### कर्नाटक में हो रहीं थी नेतृत्व परिवर्तन की चचाएं

खरगे का यह बयान ऐसे समय आया है जब पार्टी और राजनीतिक हलकों में यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि जब 4 मई को चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित हो जाएंगे तो उसके में नेतृत्व परिवर्तन और कैबिनेट फेरबदल पर फैसला हो सकता है। डीके शिवकुमार और उनके भाई और पूर्व सांसद डीके सुरेश ने हाल ही में दिल्ली में पार्टी नेतृत्व से मुलाकात भी की थी। जिसके बाद राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की चचाएं जोर पकड़ गईं थीं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, डीके शिवकुमार सत्ता साझा करने के कथित समझौते के तहत सीएम बनाए जाने की मांग कर रहे हैं। हालांकि डीके शिवकुमार या सीएम सिद्धारमैया ने सार्वजनिक रूप से ये बात स्वीकार नहीं की, लेकिन नेतृत्व परिवर्तन की चचाएं राजनीतिक हलकों में जारी रहीं।

## बिहार में भीषण सड़क हादसा, गिट्टी लदा ट्रक ऑटो पर पलटा

**खगड़िया।** खगड़िया के महेशखुट थाना क्षेत्र में ठल-31 पर गिट्टी लदा अनियंत्रित ट्रक ऑटो पर पलट गया, जिससे उक्त्रक्रजवान, उसकी पत्नी और ऑटो चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब जवान छुट्टी खत्म कर पत्नी के साथ ड्यूटी पर लौट रहा था।

बिहार के खगड़िया जिले में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। महेशखुट थाना क्षेत्र के गौछारी स्थित ठल-31 पर गिट्टी से लदा एक अनियंत्रित ट्रक ऑटो के ऊपर पलट गया। इस हादसे में ऑटो सवार उक्त्रक्रजवान समेत तीन लोगों की दबकर मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। सूचना मिलने पर महेशखूंट थाना अध्यक्ष मिथिलेश कुमार भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से ऑटो में दबे लोगों को बाहर निकाला गया।

तीनों मृतकों की पहचान

इस हादसे में मृतकों की पहचान गोगरी थाना क्षेत्र के मालिया गांव निवासी बिपिन चौरसिया, उनकी पत्नी दीपमाला चौरसिया और ऑटो चालक टांकेश मुनि के रूप में हुई है।

## रेल मंत्री ने दिखाई हरी झंडी, जम्मू से श्रीनगर तक 20 कोच वाली वंदे भारत एक्सप्रेस रवाना



**जम्मू।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज जम्मू तवी-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ट्रेन की कोच संख्या आठ से बढ़ाकर 20 कर दी गई है। यह सेवा 2 मई से नियमित रूप से चलेगी।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह और जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जम्मू तवी-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस के विस्तारित मार्ग को हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन 2 मई से नियमित सेवा में प्रवेश करेगी।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि आज जम्मू से श्रीनगर के लिए 20 कोच वाली वंदे भारत सेवा शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि एक साल पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कटरा से आठ कोच वाली ट्रेन के साथ जम्मू-श्रीनगर लिंक रेलवे लाइन का उद्घाटन किया था। आठ कोच वाली ट्रेनें पूरी क्षमता से चल रही थीं और यात्रियों की मांग बहुत अधिक थी। इसी कारण 20 कोच का विशेष डिजाइन तैयार किया गया। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने वंदे भारत सेवाओं, रेलवे सेवाओं और प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण की खुले तौर पर प्रशंसा की। यह विस्तार क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा।

रेल मंत्री ने जानकारी दी कि पहले यह ट्रेन आठ कोच के साथ चल रही थी। अब इसकी क्षमता बढ़ाकर 20 कोच कर दी गई है। आज इसका उद्घाटन रन है। नियमित सेवा दो तारीख से शुरू होगी।

पुलिस महानिरीक्षक आरपीएफ पंकज गंगवार ने भी इस विस्तार की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि ट्रेन की कोच संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह विस्तार यात्रियों के लिए अधिक सुविधा प्रदान करेगा। सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर सख्ती: अब से लेन ड्राइविंग सिस्टम लागू

## नियम तोड़ने वालों पर होगा ऑनलाइन चालान

**दौसा।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर लेन ड्राइविंग सिस्टम लागू किया गया है। तय लेन और गति सीमा का पालन अनिवार्य है। उल्लंघन पर ऑनलाइन चालान होगा। पुलिस ड्रोन और कैमरों से निगरानी कर रही है, जिससे सड़क हादसों में कमी लाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस महानिदेशक राहुल प्रकाश के निर्देशन में पुलिस और हाईवे अथॉरिटी ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर लेन ड्राइविंग सिस्टम लागू किया है। इस पहल का उद्देश्य सड़क हादसों में कमी लाना और ट्रैफिक अनुशासन को मजबूत करना है। अब इस सिस्टम का उल्लंघन करने पर वाहन चालकों के खिलाफ ऑनलाइन चालान किया जाएगा। एक्सप्रेसवे पर बढ़ती दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए आईजी राहुल प्रकाश के निर्देश पर यह व्यवस्था लागू की गई है।




पुलिस अधिकारी लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि ह्यमिशन सेफ अभियान के तहत लोगों को हाईवे पर निर्धारित लेन में चलने और ओवरस्पीडिंग से बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

# गर्लफ्रेंड ने लाइसेंसी पिस्टल से बॉयफ्रेंड को मारी गोली राखी की लाश से खुला दोहरा हत्याकांड

**बागपत।** सहारनपुर में रजबहे में मिली युवती की लाश ने डबल मर्डर मिस्ट्री का खुलासा किया। टैटू के आधार पर हुई पहचान के बाद सामने आया कि मामला प्रेम संबंध, पार्टी और हत्या की साजिश से जुड़ा है, जिसमें बागपत के डूडा लिपिक की हत्या भी शामिल है।

27 अप्रैल को वेस्ट यूपी के सहारनपुर में एक रजबहे में एक युवती की लाश मिलती है। शरीर पर चाकू के कई वार थे और गला भी धारदार हथियार से रेता हुआ।

पहले ये मामला सिर्फ एक अज्ञात युवती की हत्या लग रहा था लेकिन जैसे ही पुलिस ने जांच आगे बढ़ाई, इस केस ने ऐसा मोड़ लिया जिसने सबको चौंका दिया। क्योंकि इस एक लाश की कहानी एक नहीं बल्कि दो हत्याओं से जुड़ी हुई निकली। एक प्रेम संबंध, एक पार्टी, एक गोली चली और फिर हत्या। सबूत मिटाने के लिए एक और हत्या की गई। जानिए आखिर क्या है इस डबल मर्डर मिस्ट्री की पूरी कहानी-

**चाकू से गोदकर की गई थी युवती की हत्या :** सहारनपुर में जिस युवती की लाश मिली, उसने काले रंग के कपड़े पहने हुए थे और उसके शरीर पर चाकू से किए गए कई वार के निशान थे। इसके अलावा उसका गला भी किसी धारदार हथियार से रेता गया था। मौके पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और फॉरेंसिक टीम पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए। शुरूआत में युवती की पहचान नहीं हो सकी। लेकिन उसकी गर्दन के नीचे बने तितली के टैटू ने इस केस की दिशा बदल दी।



**तितली के टैटू ने आसान किया केस:** पुलिस ने युवती की गर्दन के पिछले हिस्से पर बने तितली वाले टैटू के आधार पर जांच शुरू की और कुछ ही समय में युवती की पहचान हो गई। युवती निकली बागपत जिले के खेकड़ा की रहने वाली राखी कश्यप। लेकिन असली चौंकाने वाला खुलासा तब हुआ जब पुलिस की जांच राखी कश्यप से आगे बढ़कर एक और हत्या तक पहुंच गई।

# इंटरलॉकिंग फैक्ट्री में खूनी संघर्ष, शराब के नशे में दोस्त ने ईंट से वार कर दोस्त को उतारा मौत के घाट

**सिरसा।** विवाद बढ़ने पर आरोपी रवि ने आपा खो दिया और पास ही पड़ी इंटरलॉकिंग टाइल्स की ईंट उठाकर देवेंद्र के सिर पर दे मारी। वार इतना जबरदस्त था कि देवेंद्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी रवि अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। सिरसा के रोड़ी क्षेत्र में स्थित एक इंटरलॉकिंग टाइल्स फैक्ट्री में बुधवार रात दोस्ती का कत्ल हो गया। साथ बैठकर शराब पीने वाले दो दोस्तों के बीच मामूली बात पर शुरू हुआ झगड़ा इतना बढ़ा कि एक ने दूसरे के सिर पर ईंट मारकर उसकी जान ले ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। शराब के नशे में बिगड़ी बात पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना सुरतिया इंटरलॉक फैक्ट्री की है। यहाँ उत्तर प्रदेश के फरुर्खाबाद जिले के मम्मापुर गांव का निवासी देवेंद्र सिंह काफी समय से काम कर रहा था।

वह फैक्ट्री परिसर के कमरे में अपने साथी रवि सिंह के साथ रहता था। बुधवार रात करीब 10:30 से 11:00 बजे के बीच दोनों ने साथ बैठकर शराब पी। इसी दौरान उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया।



**सिर पर ईंट मारकर हत्या, आरोपी फरार :** विवाद बढ़ने पर आरोपी रवि ने आपा खो दिया और पास ही पड़ी इंटरलॉकिंग टाइल्स की ईंट उठाकर देवेंद्र के सिर पर दे मारी। वार इतना जबरदस्त था कि देवेंद्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी रवि अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।

**सुबह हुआ वारदात का खुलासा :** वीरवार सुबह जब फैक्ट्री के अन्य कर्मचारी काम पर पहुँचे, तब उन्हें कमरे में देवेंद्र का लहुलुहान शव मिला। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचित किया गया।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 • नई दिल्ली। शुक्रवार 01 मई -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




## मजदूर दिवस पर पुलिस हाई अलर्ट पर
# एसीपी-थाना प्रभारी रहेंगे फील्ड पर
### हर जोन में क्यूआरटी तैनात, खुफिया विभाग भी रखेगा नजर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मजदूर दिवस के मद्देनजर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। हाल ही में नोएडा में हुई हिंसक घटना को देखते हुए इस बार सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त किया गया है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने सभी डीसीपी और एसीपी स्तर के अधिकारियों को अपने-अपने जोन में मुस्तैद रहने के निर्देश दिए हैं, जबकि थाना प्रभारियों को खुद सड़कों पर उतरकर निगरानी करने का आदेश दिया गया है।

शहर के संवेदनशील और औद्योगिक क्षेत्रों जिसमें साहिबाबाद, लोनी, कविनगर, बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र और देहात की बड़ी फैक्ट्रियों वाले इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इन थानाक्षेत्रों में क्विक रिएक्शन टीम (क्यूआरटी) का गठन कर दिया गया है, जो किसी भी आपात स्थिति में तत्काल मौके पर पहुंचेगी। इसके अलावा तीनों जोन में अतिरिक्त रिजर्व पुलिस बल भी तैनात किया गया है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।

### कंट्रोल रूम करेगा 24 घंटे काम

**करंट क्राइम :** अधिकारियों ने कहा है कि पुलिस कंट्रोल रूम को भी 24 घंटे अलर्ट पर रखा गया है। यहां से लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी और किसी भी घटना की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाई जाएगी। कंट्रोल रूम को आपात स्थितियों में त्वरित रिस्पॉन्स का केंद्र बनाया गया है। उधर एडिशनल सीपी राजकरन नैय्यर ने स्पष्ट किया है कि जनपद में पहले से ही धारा 163 लागू है। बिना अनुमति किसी भी प्रकार के प्रदर्शन, धरना या जुलूस की अनुमति नहीं दी जाएगी। पुलिस द्वारा विभिन्न मजदूर संगठनों और गैर-राजनीतिक संगठनों की गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह या भीड़ जुटने की स्थिति को समय रहते नियंत्रित किया जा सके। वहीं पुलिस के साथ ही खुफिया विभाग को भी विशेष रूप से सक्रिय कर दिया गया है। टीमें लगातार इनपुट जुटा रही हैं और हर छोटी-बड़ी गतिविधि पर नजर रख रही हैं। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग भी तेज कर दी गई है, जिससे किसी भी भ्रामक सूचना या उकसावे को तुरंत चिन्हित कर कार्रवाई की जा सके। कुल मिलाकर, मजदूर दिवस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए गाजियाबाद पुलिस ने बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की है। फील्ड में अधिकारियों की सक्रिय मौजूदगी, क्यूआरटी की तैनाती और खुफिया निगरानी के जरिए पुलिस हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# भले ही मिले हैं हाथ मगर सुलग रही है अभी बदले की आग
### किसी ने कहा सॉरी और किसी ने कहा-मैं नहीं करुंगी माफ

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** फूल वालों के दफ्तर में जुबान से शूल निकले हैं। मामला तूल पकड़ गया और बात को शांत कराने के लिये महिला मोर्चा की क्षेत्रीय अध्यक्ष को आना पड़ा। क्षेत्रीय महामंत्री को आना पड़ा। बात बाहर निकली और लखनऊ दिल्ली तक जा पहुंची। बुधवार को दोपहर में दोनों नेता दफ्तर पहुंचे। समय दोपहर बारह बजे का था ओर दोनों ही पक्षों को बुला लिया गया।




किसने क्या कहा इसकी पूरी जानकारी क्षेत्र वालों के पास थी। वो बगावत को शांत कराने आए थे वो नहीं चाहते कि फिर ये तमाशा पार्टी के दफ्तर पर हो इससे पार्टी की बदनामी होती है, विपक्षी दलों को मौका मिलता है। लिहाजा बुधवार को बंद कमरे में काफी देर तक दोनों पक्षों को सुना गया।

सूत्र बताते हैं कि क्षेत्र वालों के सामने भी किसी एक पक्ष की टोन कठोर हो गई थी और किसी एक पक्ष के आंसू बाहर निकल आए। दैनिक करंट क्राइम ने घटनाक्रम की जानकारी पहले ही प्रकाशित की थी। ये बताया था कि क्षेत्र वाले दफ्तर में आए हैं। बताते हैं कि क्षेत्र वाले इस मामले में दोनों पक्षों के हाथ मिलवाकर गए हैं और ये भी समझाकर गए हैं कि भविष्य में ऐसा नहीं होना चाहिए। बताते हैं कि एक पक्ष ने खेद व्यक्त किया और समझा भी दिया गया और हाथ भी मिलाए गए। मगर, सूत्र बताते हैं कि ये आग अभी भी सुलग रही है। आग तेज है और इतनी वर्षा से काम चलेगा नहीं। एक पक्ष ने आंख में आंसू भरकर कहा दिया है कि मैं माफ नहीं करुंगी। सूत्र बताते है कि उधर वाला पक्ष भी कम नहीं था और पहले तो वो भी माफी मांगने को तैयार ही नहीं थे, लेकिन जब कहा गया तो उसके बाद माफी मांगी है। मगर, सूत्र बताते हैं कि ये आग अभी शांत नहीं हुई है ये आग अभी सुलग रही है और अभी कहानी में मोड़ आएगा।

सूत्र बताते हैं कि ये आग पांच मई के बाद और ज्यादा सुलगेगी। सूत्रों की माने तो दिल्ली में किसी बड़े चेहरे के आने का इंतजार हो रहा है। ये मुकदमा वहां जाएगा और इस मामले में अभी नया मोड़ आगए। फिलहाल खबर ये है कि क्षेत्र वाले आए हैं और वो खेद व्यक्त करवाकर चले गए हैं, लेकिन रण अभी बाकी है।

# जिंदल पब्लिक स्कूल में दिखेगी विश्व की सबसे बड़ी शील्ड, 3 मई को कराटे कुंभ

**कराटे कुंभ**
**16 फीट ऊंची-12 फीट चौड़ी शील्ड बनी आकर्षण का केंद्र, 500 से अधिक खिलाड़ी होंगे शामिल**



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जनपद के जिंदल पब्लिक स्कूल में 3 मई को आयोजित होने जा रही अखिल भारतीय ओपन कराटे प्रतियोगिता 2026 इस बार एक अनोखे आकर्षण के साथ चर्चा में है। यहां प्रदर्शित की जाने वाली 16 फीट ऊंची और 12 फीट चौड़ी विश्व की सबसे बड़ी शील्ड पूरे शहर में कौतूहल का विषय बनी हुई है।

कराटे वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता को 'कराटे कुंभ' का रूप दिया गया है, जहां देशभर से 500 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। विशाल शील्ड को विश्व रिकॉर्ड में दर्ज कराने की प्रक्रिया भी जारी है, जिससे यह आयोजन और खास बन गया है।

संस्था के संरक्षक डॉ. राम अवतार जिंदल ने इसे जनपद के लिए गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि खेलों से चरित्र निर्माण होता है। वहीं आयोजन से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और खिलाड़ियों के लिए भोजन, मेडल, ट्रॉफी व प्रमाण पत्र की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिंदल पब्लिक स्कूल में होने जा रहा यह आयोजन न केवल खेल प्रतिस्पर्धा बल्कि अपनी भव्यता और विश्व की सबसे बड़ी शील्ड के कारण गाजियाबाद के खेल इतिहास में एक अलग पहचान बनाने की ओर अग्रसर है।





### खेल से चरित्र और राष्ट्र का निर्माण : डॉ. राम अवतार जिंदल

करंट क्राइम। प्रतियोगिता के संरक्षक डॉ. राम अवतार जिंदल ने कहा कि यह आयोजन जनपद के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि अनुशासन और चरित्र निर्माण का माध्यम हैं। मजबूत चरित्र ही मजबूत राष्ट्र की नींव रखता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

# जब पूर्व लेडी जनप्रनिधि ने दिया अपने शब्दों से महिला पार्षद को बल
### कहा- उन्हें कोई नहीं धमका सकता, वो हैं बहुमत मजबूत

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कभी-कभी जीवन में हालात ऐसे होते हैं कि हमें अपना मनोबल ऊंचा रखना होता है और खुद को पीड़ित बताने से ज्यादा खुद की ताकत का एहसास कराना जरूरी होता है।



मामला एक ऐसे क्षेत्र का है जहां महिला पार्षद को किसी ने धमकी दी। ये मामला पुलिस के पास पहुंचा और बताते हैं कि पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट भी दर्ज की और महिला पार्षद को सुरक्षा भी उपलब्ध कराई।

इसी क्षेत्र में भाज्पाा का एक स्वागत कार्यक्रम था। यहां पर संगठन वालों ने ये विषय रखा और चिंता जताई। मामला महिला शक्ति का था और यहां महिला शक्ति भी सबसे आगे आई। पूर्व लेडी जनप्रनितिधि ने पूरे जोश के साथ कहा कि जिनके बारे में बात हो ही है वो एक मजबूत महिला हैं और किसी की ताकत नहीं है कि कोई उन्हें इस तरीके से धमकी दे सके। वो एक ताकतवर महिला नेता हैं और मैं उनके साथ हूं। उन्होंने कहा कि हम सब भाजपा की महिला कार्यकर्ता हैं और किसी की ताकत नहीं है कि कोई हमारी महिला शक्ति को धमकी दे दें।

पूर्व महिला जनप्रतिनधि के इस अंदाज की सबने प्रशंसा की।

# उत्तरांचल-पूर्वांचल भवन का संचालन अब निगम करेगा, सर्व समाज के लिए खुला रहेगा
### नगर आयुक्त ने समाज के लोगों से सदस्य बनने की अपील, 6 मई को लगेगा विशेष कैंप



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर के सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाए गए उत्तरांचल और पूर्वांचल भवन का संचालन अब गाजियाबाद नगर निगम स्वयं करेगा। इस संबंध में निगम द्वारा सोसाइटी एक्ट के तहत पंजीकरण, सदन से प्रस्ताव पारित और समिति गठन की सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि भवन के संचालन को लेकर पिछले करीब डेढ़ वर्ष से लगातार बैठकें की जा रही थीं। इस दौरान उत्तरांचल और पूर्वांचल समाज के संगठनों को संचालन की जिम्मेदारी लेने के लिए सदस्य बनने का अवसर दिया गया था, लेकिन अपेक्षित संख्या में सदस्यता नहीं होने के चलते अब निगम ने खुद संचालन का निर्णय लिया है। इसके लिए एक समिति का गठन किया गया है, जिसमें नगर आयुक्त को अध्यक्ष और अपर नगर आयुक्त को सचिव बनाया गया है। साथ ही नजारत, संपत्ति और लेखा विभाग के अधिकारियों समेत कुल 9 सदस्यों को शामिल किया गया है। समाज के प्रतिनिधियों को भी समिति में स्थान दिया गया है। नगर आयुक्त ने बताया कि उत्तरांचल और पूर्वांचल समाज के अधिक से अधिक लोगों को समिति से जोड़ने के लिए 6 मई को उत्तरांचल भवन में विशेष सदस्यता कैंप लगाया जाएगा। उन्होंने समाज के लोगों से इसमें भाग लेकर सदस्य बनने की अपील की है। सर्व समाज को इन भवनों का लाभ मिलेगा।

## जब डेयरी वाले ने सुपरवाइजर को गाय का पावर कनेक्शन बताया
# फिर जेई और सुपरवाइजर का कोई फोन लौटकर ही नहीं आया

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सियासत का ये दौर चल रहा है और इस दौर में गाय एक राजनीतिक माइलेज वाला प्राणी हो गया है। गाजियाबाद की सियासत में कई बड़े दरवाजों पर एंट्री ही गाय के दूध ने कराई है। एक युवा वैश्य नेता को बाबा रामदेव का घी स्टील के डोल में भरकर दिल्ली दे आए थे। कई ऐसे तबेले हैं जहां गाय का दूध दिल्ली पहुंचता है।




यहां तक तो बात ठीक है लेकिन गायों की पावर का जलवा अब इतना है कि इसका करंट सरकारी कर्मचारियों को भी लग जाता है। किस्सा एक विधानसभा से जुड़ा है और किस्से में ग्रीन बेल्ट है, किस्से में गाय है और किस्से में एक जनप्रतिनिधि हैं। बताते हैं कि ग्रीन बेल्ट में आधा दर्जन गाय बंधी हैं।

सभी गाय दूध देती है। पुरानी कहावत है कि दूध देने वाली गाय अलग ही महत्व रखती है। सूत्र बताते हैं कि नगर निगम के अवर अभियंता को ग्रीन बेल्ट में बंधी गायों से ज्यादा निगम की जमीन की चिंता हुई। अवर अभियंता ने अपनी चिंता को सुपरवाइजर को बताया और कहा कि ग्रीन बेल्ट में ये सब नहीं चलेगा। अवर अभियंता के निदेर्शों के पालन में सुपरवाइजर उस ग्रीन बेल्ट पर पहुंच गया जहां आधा दर्ज गाय बंधी हुई थी। सुपरवाइजर को ग्रीन बेल्ट दिख रही थी और उसे नहीं पता था कि इन गायों का सीधा कनेक्शन पावर वाले जनप्रतिनिधि से है। सुपरवाइजर ने निगम के रूल का पाठ पढ़ाते हुए डेयरी वालों को हूल दी। डेयरी वाले ने सुपरवाइजर को पास बुलाया और बताया कि ये जो गाय देख रहे हो ये सब गाय पावर वाले जनप्रतिनिधि जी के यहां दूध की सप्लाई करती है। इसके बाद जैसे ही सुपरवाइजर ने जनप्रतिनिधि का नाम सुना वैसे ही उन्होंने ग्रीन बेल्ट मे डेयरी चलाने वाले का राम राम किया और बैक गियर डाल लिया।

सूत्र बताते है कि इधर डेयरी वाले ने जनप्रतिनिधि को बता दिया कि मिल्क सप्लाई में निगम का सुपरवाइजर बाधा उत्पन्न करने आया था और हमने उसे बता दिया है।

लगता है कि सुपरवाइजर ने भी जाकर जेई साहब को बता दिया ग्रीन बेल्ट के चक्कर में मत पड़ो वरना गाय के कनेक्शन का करंट लग जाएगा। सुना है कि सुपरवाइजर और जेई दोनों ही अब उस डेयरी के पास से भी नहीं निकल रहे हैं।

## गाजियाबाद के पूर्व एसएसपी सुभाष गुप्ता का निधन, वसुंधरा में ली अंतिम सांस



### - लंबे समय से थे बीमार, सख्त और ईमानदार पुलिस अधिकारी के रूप में रही पहचान, आईजी पद से हुए थे रिटायर्ड

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश पुलिस के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी सुभाष गुप्ता के निधन से पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है। उन्होंने गाजियाबाद में अपने वसुंधरा निवास पर अंतिम सांस ली। आईजी पद से सेवानिवृत्त सुभाष गुप्ता लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। गुरुवार को उन्होंने वसुंधरा स्थित अपने घर पर अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही पुलिस विभाग, प्रशासनिक अधिकारियों और उन्हें जानने वालों में गहरा दुख व्याप्त हो गया। सुभाष गुप्ता अपने सेवा काल में एक कर्तव्यनिष्ठ, सख्त और ईमानदार अधिकारी के रूप में पहचाने जाते थे। गाजियाबाद में कप्तान (एसएसपी) रहते हुए उन्होंने कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और अपराध नियंत्रण में अहम भूमिका निभाई थी। उनकी कार्यशैली में अनुशासन, पारदर्शिता और जनता के प्रति संवेदनशीलता साफ झलकती थी। अपने लंबे पुलिस करियर में उन्होंने कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई और आईजी पद तक पहुंचे। सहकर्मियों के बीच वह एक प्रभावशाली नेतृत्वकर्ता और मार्गदर्शक के रूप में जाने जाते थे। उनके निधन पर पुलिस अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। सभी ने उनकी सेवाओं को याद करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। डा. अनिल तोमर ने कहा है कि पुलिस महकमे के लिए बड़ी क्षति है। स्व. सुभाष गुप्ता जी का योगदान और व्यक्तित्व सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

## राजनगर एक्सटेंशन में निगम की जमीन पर बनेंगे व्यवसायिक केंद्र, महापौर ने किया निरीक्षण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर में नगर निगम की आय बढ़ाने और संपत्तियों को सुरक्षित करने की दिशा में महापौर सुनीता दयाल ने गुरुवार को अधिकारियों के साथ राज नगर एक्सटेंशन स्थित निगम की विभिन्न भूमियों का निरीक्षण किया। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त पल्लवी सिंह, मुख्य अभियंता एनके चौधरी, संपत्ति अधीक्षक रामशंकर वर्मा और लेखपाल सुरेंद्र कौशिक समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान महापौर ने करीब 10-12 स्थानों का जायजा लिया। उन्होंने पाया कि इन क्षेत्रों के आसपास पहले से ही व्यवसायिक गतिविधियां तेजी से चल रही हैं। ऐसे में यदि नगर निगम इन खाली पड़ी जमीनों का व्यावसायिक उपयोग करता है तो न सिर्फ भूमि सुरक्षित रहेगी, बल्कि निगम की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

### जनता को मिलेगा लाभ, व्यापारियों को मिलेगी राहत

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल ने मुख्य अभियंता को निर्देश दिए कि सभी चिन्हित भूमि का विस्तृत आकलन कर जल्द कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि निगम की संपत्तियों को भूमाफियाओं से मुक्त कर उनका बेहतर उपयोग करना प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि कैला भट्ठा क्षेत्र में दुकानों का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है, जबकि राज नगर एक्सटेंशन में भी एक कॉम्प्लेक्स तैयार किया जा रहा है, जिसे जल्द ही जनता के लिए खोल दिया जाएगा। महापौर ने स्पष्ट किया कि शहर के प्रमुख क्षेत्रों में स्थित इन भूमियों पर व्यवसायिक केंद्र विकसित कर नगर निगम के लिए स्थायी आय का स्रोत तैयार किया जाएगा। अधिकारियों ने भी आश्वस्त किया कि जल्द ही प्रस्ताव तैयार कर आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

# लखनऊ में ज्वाइनिंग के बाद काश गाजियाबाद दफ्तर पर भी आते पूर्व विधायक
### वो होर्डिंग पर तो दिख रहे हैं मगर, नहीं हुए उनके समाजवादियों के दर्शन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में आस्थाओं के तबादले होते रहते हैं। एक लंबे समय के बाद कई बार एक राजनीतिक विचारधारा के लोगों को लगता है कि अब पहले वाली बात नहीं रही। जब विचार नहीं मिलते तो फिर दूसरे दलों की तरफ रुख कर लिया जाता है।




राजनीति में अब एक नया ट्रेंड ये भी है कि पहले वाला दल भले ही दूसरे वाले दल का सहयोगी हो, लेकिन कई बार पहले वाले दल से निकलकर नेता सहयोगी दल में चले जाते हैं। बसपा से कांग्रेस में आए पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी का मन जब कांग्रेस में नहीं लगा तो वो सपा में चले गए। कई ऐसे नेता हैं जो रालोद से भाजपा में चले गए और कई ऐसे नेता हैं जो भाजपा से रालोद में आ गए। तबदालों का दौर है और अब ऐसे में एक पूर्व विधायक कांग्रेस से समाजवादी पार्टी में चले गए। बड़े नेता हैं तो ज्वाइनिंग भी लखनऊ में हुई। कांग्रेस के ये पूर्व विधायक लखनऊ में राष्ट्रीय अध्यक्ष के मंच पर समाजवादी हो गए। पुराने नेता हैं, बड़ा प्रोफाइल है और राजीतिक का विशद अनुभव लिये हुए हैं। राजनीतिक दल में जाना कोई बड़ी बात नहीं है लेकिन लखनऊ में बड़े मंच पर ज्वाइनिंग होना अपने आप में एक संदेश होता है। पूर्व विधायक लखनऊ में स माजवदी हो गए तो ये इंतजार होने लगा कि अब वो गाजियाबाद आएंगे और उनके समाजवादी होने की मुनादी आरडीसी वाले सपा दफ्तर पर होगी। समाजवादी भी उनके स्वागत के लिये तैयार, लेकिन सिर्फ इंतजार ही हो रहा है। पूर्व विधायक समाजवादी होने के बाद अभी तक गाजियाबाद के सपाइयों को सपा दफ्तर पर नहीं दिखाई दिये। लखनऊ में ज्वाइनिंग हो गई और ऐसा क्या हुआ कि पूर्व विधायक गाजियाबाद वाले सपा दफ्तर नहीं आए। पुराने नेता हैं, सब उन्हें जानते हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि पूर्व विधायक व्यवहार कुशल भी बताए जाते हैं। ऐसा भी नहीं है कि उन्होंने अपने समाजवादी होने की बात को गुपचुप रखा है।

वो बाकायदा शहर में होर्डिंग लगा रहे हैं, वो फोटो में नजर आ रहे हैं। चर्चा उनके चुनाव लड़ने को लेकर भी होती है, लेकिन चर्चा सपाइयों के बीच ये भी है कि आखिर लखनऊ वाली ज्वाइनिंग के बाद पूर्व विधायक आरडीसी वाले समाजवादी दफ्तर पर क्यों नहीं आए। अगर वो समाजवादी हैं तो उन्हें आना चाहिए था।

हालांकि एक चर्चा ये भी चलती है कि हो सकता है कि वो ऐसे समय पर सपा दफ्तर आए हों जब वो इस बार की चर्चा करने वाले समाजवादियों से ना मिले हों। हो सकता है कि वो ऐसी चर्चा करने वाले समाजवादियों के पास ना गए हों, या वो आए हों और उन्हें किसी ना देखा हो। वैसे तो इन सभी सवालों का जवाब सपा के जिला और महानगर अध्यक्ष दे सकते हैं, लेकिन जिन समाजवादियों ने उन्हें नहीं देखा है वो इस बात को कह रहे हैं कि पूर्व विधायक को सपा दफ्तर पर आना चाहिए, ऐस प्रेसकांर्फ्रेस यहां भी होनी चाहिए और उन्हें हाउस टैक्स से लेकर स्मार्ट मीटर के मुद्दे पर समाजवादियों के प्रदर्शन का एक हिस्सा होना चाहिए।

## संपादकीय

# औद्योगिक वृद्धि पर दबाव

आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में बिजली उत्पादन लगभग स्थिर रहा, इसमें वृद्धि दर महज 0.8 फीसद रही, जो पिछले वर्ष के मुकाबले काफी कम है। जाहिर है कि इससे भी समग्र औद्योगिक वृद्धि दर पर दबाव बढ़ा है। पिछले वर्ष विनिर्माण क्षेत्र में अच्छे प्रदर्शन से औद्योगिक उत्पादन की जो लुभावनी तस्वीर दिखाई दे रही थी, वह इस साल पश्चिम एशिया में उपजे संकट की वजह से फीकी पड़ गई है। सरकार की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया गया कि औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मार्च में घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.1 फीसद पर आ गई। इसका कारण विनिर्माण क्षेत्र में कमजोर प्रदर्शन को माना जा रहा है, जिसके पीछे अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष से उपजे हालात भी एक बड़ी वजह है।

होर्मुज जलमार्ग के बंद होने से जहां तेल और गैस आपूर्ति की वैश्विक शृंखला बाधित हुई है, वहीं देश का निर्यात भी प्रभावित हुआ है, जिसका सीधा असर औद्योगिक उत्पादन पर पड़ा है। गौरतलब है कि समग्र औद्योगिक उत्पादन में विनिर्माण क्षेत्र की बड़ी हिस्सेदारी है और इसमें गिरावट देश के आर्थिक विकास की रफ्तार के लिए चिंताजनक है। अगर पश्चिम एशिया में हालात सामान्य होने में ज्यादा समय लगा, तो स्थिति और ज्यादा बिगड़ सकती है। आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में बिजली उत्पादन लगभग स्थिर रहा, इसमें वृद्धि दर महज 0.8 फीसद रही, जो पिछले वर्ष के मुकाबले काफी कम है। जाहिर है कि इससे भी समग्र औद्योगिक वृद्धि दर पर दबाव बढ़ा है। देश में एक ओर बढ़ती महंगाई की चुनौतियां हैं, तो दूसरी ओर वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट और अनिश्चितता के माहौल का असर औद्योगिक उत्पादन पर पड़ रहा है। यह स्वाभाविक है कि अगर देश में उत्पादन घटेगा, तो विकास की रफ्तार कमजोर पड़ती जाएगी। इससे पहले अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए शुल्क की वजह से औद्योगिक क्षेत्र प्रभावित हुआ था। पश्चिम एशिया में संघर्ष से पैदा हुआ संकट कब तक हल हो पाएगा, इस संबंध में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता, इसलिए इसका असर दूरगामी न हो और देश में विकास की गति धीमी न पड़े, इसके लिए सरकार को वैकल्पिक उपायों पर ध्यान केंद्रित कर नए रास्ते तलाशने होंगे। आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में बिजली उत्पादन लगभग स्थिर रहा, इसमें वृद्धि दर महज 0.8 फीसद रही, जो पिछले वर्ष के मुकाबले काफी कम है। जाहिर है कि इससे भी समग्र औद्योगिक वृद्धि दर पर दबाव बढ़ा है। देश में एक ओर बढ़ती महंगाई की चुनौतियां हैं, तो दूसरी ओर वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट और अनिश्चितता के माहौल का असर औद्योगिक उत्पादन पर पड़ रहा है। यह स्वाभाविक है कि अगर देश में उत्पादन घटेगा, तो विकास की रफ्तार कमजोर पड़ती जाएगी। अगर समय रहते इस पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में जो हालात पैदा होंगे, उनसे निपटना आसान नहीं होगा।

# लाल निशान पर बंद हुआ बाजार

## सेंसेक्स 583 अंक टूटा, 24000 के नीचे निफ्टी




### कच्चे तेल में आग और भू-राजनीतिक संकट

बाजार में इस भारी बिकवाली का मुख्य कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आया जबरदस्त उछाल है। शुरूआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 121 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गया था, जो पिछले चार वर्षों का उच्चतम स्तर है। हालांकि, बाद में यह 1.22 प्रतिशत गिरकर 116.59 डॉलर पर कारोबार कर रहा था। वहीं, अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 108 डॉलर के करीब पहुंच गया।

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार को गिरावट का सिलसिला जारी रहा। कारोबारी सत्र के आखिर में बीएसई सेंसेक्स 582.86 अंक गिरकर 76,913.50 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 180.10 अंक गिरकर 23,997.55 पर आ गया। वैश्विक दबाव और पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक तनाव का सीधा असर गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार पर देखने को मिला। कच्चे तेल की कीमतों में बेतहाशा उछाल के कारण घरेलू बाजार में भारी बिकवाली हुई, जिससे बीएसई सेंसेक्स 582.86 अंक गिरकर 76,913.50 पर बंद हुआ। निफ्टी 180.10 अंक गिरकर 23,997.55 पर आ गया। सेंसेक्स और निफ्टी में भारी गिरावट बाजार में शुरूआती कारोबार से ही भारी दबाव देखा गया।

सेंसेक्सः गुरुवार को सेंसेक्स 914.12 अंकों की भारी गिरावट के साथ 76,582.24 पर खुला और दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः 582.86 अंक (0.75 प्रतिशत) टूटकर 76,913.50 पर बंद हुआ।

यह ऊर्जा संकट अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का परिणाम है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट किया है कि जब तक ईरान के साथ नया परमाणु और सुरक्षा समझौता नहीं हो जाता, तब तक होर्मुज जलडमरूमध्य की नौसैनिक नाके बंदी जारी रहेगी।

# असंगठित कामगारों के लिए एनपीएस संचय की बड़ी पहल

## करोड़ों श्रमिकों को पेंशन से जोड़ने की तैयारी, पीएफआरडीए जल्द करेगा देशभर में लॉन्च




### 50 करोड़ कामगारों के लिए बनेगी उम्मीद

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में करीब 50 करोड़ लोग असंगठित क्षेत्र से जुड़े हैं। केंद्र सरकार के ई-श्रम पोर्टल पर 31.63 करोड़ श्रमिक पंजीकृत हैं, जो पीएफ और ईएसआई के दायरे में नहीं आते। रिटायरमेंट के बाद इनके पास नियमित आय का कोई साधन नहीं है, जिनमें 54 फीसदी से अधिक महिलाएं हैं। असंगठित क्षेत्र के कामगारों में रिक्शा चालक, घरेलू कामगार, छोटे दुकानदार, दिहाड़ी मजदूर और कृषि कार्यों से जुड़े श्रमिक शामिल हैं, जो अक्सर रिटायरमेंट प्लानिंग से दूर रह जाते हैं। एनपीएस संचय इन्हीं लोगों के लिए एक उम्मीद बनकर उभरेगी।

**नई दिल्ली।** पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण देश में असंगठित क्षेत्र के करोड़ों कामगारों को पेंशन से जोड़ने के लिए 'एनपीएस संचय' योजना शुरू करने जा रहा है, जो राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के ढांचे पर आधारित होगी। इस योजना का पायलट शुरू हो चुका है और जल्द ही इसे पूरे देश में लागू किया जाएगा।

पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) इसी दिशा में अहम कदम उठाते हुए एनपीएस संचय शुरू करने जा रहा है। योजना का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के करोड़ों कामगारों को पेंशन के दायरे में लाना है। पीएफआरडीए के चेयरमैन एस रमन ने अमर उजाला बोनस को विशेष बातचीत में कहा, एनपीएस संचय राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के ढांचे पर आधारित है। इसका पायलट प्रोजेक्ट शुरू हो चुका है। जल्द ही यह देशभर में लॉन्च होगी। योजना की बड़ी खासियत इसकी सरलता है। आमतौर पर निवेश में इक्विटी, डेट और सरकारी बॉन्ड्स के बीच संतुलन बनाना चुनौतीपूर्ण होता है। लेकिन, एनपीएस संचय में यह जिम्मेदारी खुद सिस्टम निभाएगा।

सरकारी कर्मियों के एनपीएस मॉडल की तर्ज पर काम करेगी नई योजना पीएफआरडीए चेयरमैन के मुताबिक, यह योजना सरकारी कर्मचारियों के एनपीएस मॉडल की तरह ही काम करेगी, जहां फंड का एलोकेशन पहले से तय अनुपात में होता है। इससे निवेशकों को यह सोचने की जरूरत नहीं पड़ेगी कि कब और कितना दलाव करना है।

# फेड के फैसले से पहले सराफा बाजार में मुनाफावसूली

## सोना 1500 टूटा, चांदी में मामूली तेजी



**नई दिल्ली।** वैश्विक मुद्रास्फीति की चिंताओं और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों पर आगामी फैसले से पहले सराफा बाजार में सतर्कता और मुनाफावसूली का रुख देखा गया है। कच्चे तेल की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि और पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव ने महंगाई की आशंकाओं को फिर से हवा दे दी है। इसके परिणामस्वरूप राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सराफा बाजार में सोने की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई, जबकि चांदी में मामूली बढ़त देखने को मिली। ऑल इंडिया सराफा एसोसिएशन के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार को दिल्ली में मुनाफावसूली के दबाव में सोने की कीमत 1,500 रुपये गिरकर 1.52 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई। विशेष रूप से, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने के भाव में भी 1 प्रतिशत यानी 1,500 रुपये की गिरावट दर्ज की गई और यह 1,52,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,54,300 रुपये के स्तर पर था।

# ब्रेंट क्रूड 125 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा, 2022 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में एक बार फिर भारी तेजी दर्ज की गई है। गुरुवार को ब्रेंट क्रूड ऑयल उछलकर 120 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया है, जो वर्ष 2022 के बाद का सबसे उच्चतम स्तर है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष में गतिरोध और ईरानी बंदरगाहों व निर्यात पर अमेरिका की लंबी नाकेबंदी की चिंताओं के कारण वैश्विक तेल आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका से यह भारी उछाल आया है। इस ऊर्जा संकट के पीछे अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव एक प्रमुख कारण है।



रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है जिसमें होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की पेशकश की गई थी; ट्रंप का स्पष्ट कहना है कि जब तक कोई व्यापक परमाणु समझौता नहीं हो जाता, तब तक रोक जारी रहेगी। नाकेबंदी के संभावित प्रभावों को कम करने के लिए ट्रंप ने तेल कंपनियों के साथ बैठक भी की है।

इसके साथ ही, ट्रंप ने अपने 'ट्रुथ सोशल' प्लेटफॉर्म पर ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि उसे ₹जल्द समझदारी दिखानी चाहिए। इस पोस्ट में एक एआई-जनरेटेड तस्वीर भी साझा की गई, जिसमें ट्रंप को बंदूक पकड़े हुए दिखाया गया है और पीछे विस्फोट हो रहे हैं, साथ ही ₹नो मोर मिस्टर नाइस गाय!₹ का संदेश लिखा गया है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- पृथ्वी 4.56 बिलियन वर्ष पुरानी है जो कि चंद्रमा और सूर्य के समान आयु की है।
- पैदल चलते समय लगभग प्रतिशत टाइम हमारी आखँ बंद होती हैं।
- लोग आपके बारे में जब अच्छा सुनते हैं तो यकीन नहीं करते लेकिन बुरा सुनने पर तुरंत भरोसा कर लेते हैं।
- दुनिया का सबसे प्रदूषित स्थान भारत की राजधानी दिल्ली हैं।
- सीखते समय आपका दिल एक सेकंड के लिए रुक जाता है।
- पक्षी अपने वजन के आनुपातिक दृष्टिकोण से इंसानो से 72 गुनाह्ल अधिक शक्तिशाली होते हैं।
- दुनिया के 95 प्रतिशत लोग नइ पेन खरीदने के बाद सबसे पहले अपना नाम लिखते है।
- काक्रोच अपने 6 पैरों से एक सेकंड में लगभग 1 मीटर की दूरी तय कर लेता है।
- 20 लोग एक कमरे में होंगे तो 50% तक यह चांस रहता है की दो लोगों की जन्म तारीख एक होंगी।
- सबसे ज्यादा फिल्में बनाने वाले देश में भारत दुनिया में सबसे पहले नंबर में आता हैं।



# पावरग्रिड को एसबीआई से मिलेगा 4000 करोड़ रुपये का फंड

## निदेशक मंडल ने दी अनसिक्योर्ड लोन को मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारत के ऊर्जा क्षेत्र से एक बड़ी कॉर्पोरेट खबर सामने आ रही है। देश की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक पावर ट्रांसमिशन यूटिलिटी कंपनी, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने धन जुटाने के लिए एक अहम वित्तीय फैसला लिया है। कंपनी के निदेशक मंडल (बोर्ड) ने सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख ऋणदाता, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से 4,000 करोड़ रुपये तक की धनराशि जुटाने के प्रस्ताव को अपनी आधिकारिक मंजूरी दे दी है।



### शेयर बाजार को दी गई जानकारी

नई दिल्ली से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सरकारी स्वामित्व वाली इस दिग्गज कंपनी ने गुरुवार को इस संबंध में एक अहम घोषणा की। कंपनी ने शेयर बाजारों को दी गई अपनी आधिकारिक फाइलिंग में सूचित किया है कि निदेशक मंडल की बैठक में भारतीय स्टेट बैंक से फंड जुटाने के प्रस्ताव पर विचार किया गया, जिसके बाद इसे सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान कर दी गई।

**एफडीआई का नया रिकॉर्ड, वित्त वर्ष 2025-26 में 90 अरब डॉलर के पार पहुंचने की उम्मीद :** भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और सरकार की अनुकूल नीतियों के दम पर देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) एक नए ऐतिहासिक स्तर की ओर बढ़ रहा है। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने गुरुवार को नई दिल्ली में एक अहम जानकारी साझा करते हुए बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का कुल एफडीआई 90 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर सकता है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से फरवरी के बीच ही एफडीआई का प्रवाह 88 अरब डॉलर के पार पहुंच चुका है, जो वैश्विक निवेशकों के भारतीय बाजार पर बढ़ते भरोसे को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। सरकार द्वारा विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए हाल के समय में लगातार कई सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं।

## 01 05 2026 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



अनुष्का शर्मा (अभिनेत्री)



चंद्रशेखर जी
(तेलंगाना प्रदेश के भाजपा संगठन महामंत्री)



शौर्य राजपूत गौड़ | नेहा प्रसाद | वंदना गुमास्ता | नीता बोध | अनु अग्रवाल



प्रीति परिहार | उदयवीर सिंह | नीरज त्यागी | मोहम्मद असलम कुरैशी | मोहित जायसवाल | रोहित गुप्ता



रोहित चौधरी | संजय प्रधान | श्याम सिंह | अमन कौशिक | नितिन मैहता | अविनाश



महकार सिंह पाल | मुदासर मलिक | अमित सिंह | राजेश कुमार | विक्की शर्मा | सुरेश चंद



परवेज तोमर | सुरेश चंद | बुलाकी शर्मा | राधेश्याम तिवारी | राजेश सिंह | श्रीकांत अवस्थी | साहिल राणा



प्रतीक शर्मा | परवेज पाशा | सुरेन्द्र सिंह | अज्जू पहलवान | अवधेश कुमार चौहान | महेश चंद | मुनिपाल प्रजापति

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

## राशिफल

**मेष :** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। उच्च शिक्षा के लिए विदेश जा सकते हैं। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**मिथुन :** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क :** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन की सम्भावना भी बन रही है।

**सिंह :** वाणी में सौम्यता रहेगी, परन्तु मन परेशान हो सकता है। क्रोध से बचें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**कन्या :** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**तुला :** मन प्रसन्न रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। माता का साथ मिलेगा। कारोबार में धन की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। उपहार में वस्त्रों की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु :** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। किसी पुराने मित्र से पुन: सम्पर्क हो सकते हैं।

**मकर :** आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**कुंभ :** आत्मविश्वास में कमी आएगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मीन :** मन शान्त रहेगा। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मीठे खानपान में रुचि रहेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## चुटकुले

टीचर : बताओ सबसे ज्यादा नशा किस चीज में होता है?
स्टूडेंट : किताबों में
टीचर : कैसे?
स्टूडेंट : खोलते ही नींद आ जाती है

---

पत्नी : सुनो, मैं 2 दिन के लिए मायके जा रही हूँ।
पति : (खुश होकर) अच्छा
पत्नी : क्या कहा?
पति : मेरा मतलब ध्यान से जाना

---

डॉक्टर : तुम्हें आराम की जरूरत है, ये लो नींद की गोली।
मरीज : लेकिन डॉक्टर, मुझे नींद नहीं आती।
डॉक्टर : इसलिए तो दे रहा हूँ

---

पप्पू : मम्मी, भूख लगी है।
मम्मी : अभी खाना बन रहा है।
पप्पू : तब तक WiFi खा लूं?

---

दोस्त : यार, तेरी गर्लफ्रेंड बहुत गुस्से में लगती है।
लड़का : हाँ भाई, लेकिन जब हंसती है ना
दोस्त : तब?
लड़का : तब मैं नहीं होता

---

टीचर : बताओ, दुनिया का सबसे पुराना जानवर कौन सा है?
स्टूडेंट : जेब्रा
टीचर : कैसे?
स्टूडेंट : क्योंकि वो ब्लैक एंड व्हाइट है

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# हैप्पी बर्थ डे रोहित शर्मा: 39 की उम्र में भी कई रिकॉर्ड्स के बादशाह

**मुम्बई।** रोहित शर्मा ने अपने करियर में ऐसे रिकॉर्ड बनाए हैं जो उन्हें क्रिकेट के महानतम खिलाड़ियों में शामिल करते हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के, तीन डबल सेंचुरी, आईसीसी टूर्नामेंट्स में शतक और आईपीएल में सफलता, ये सब उन्हें G.O.A.T बनाते हैं। 39वें जन्मदिन पर उनका करियर एक प्रेरणा है।

क्रिकेट की दुनिया में कुछ खिलाड़ी आंकड़ों से बड़े होते हैं और कुछ खिलाड़ी खुद आंकड़ों को बदल देते हैं। रोहित शर्मा उन्हीं में से एक हैं। 39वें जन्मदिन पर हिटमैन सिर्फ एक बल्लेबाज नहीं, बल्कि एक युग का नाम बन चुके हैं।

उनके बल्ले ने जितने रिकॉर्ड तोड़े हैं, उतने शायद उन्होंने जन्मदिन भी नहीं मनाए होंगे। यही वजह है कि उन्हें आधुनिक क्रिकेट का ऋ.ड.अ.ळ यानी ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम कहा जाता है। हिटमैन टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय से तो संन्यास ले चुके हैं, लेकिन वनडे में अब भी उनका जलवा बरकरार है।





### आईसीसी टूर्नामेंट्स के असली हीरो

बड़े मंच पर बड़ा खिलाड़ी बनना हर किसी के बस की बात नहीं होती, लेकिन रोहित इसमें भी सबसे आगे हैं। आई सी सी टूर्नामेंट्स में सबसे ज्यादा (8) शतक लगाने का रिकॉर्ड उनके नाम है। दबाव जितना बड़ा, रोहित का प्रदर्शन उतना ही शानदार।

### हर फॉर्मेट के मास्टर

रोहित शर्मा उन चुनिंदा खिलाड़ियों में हैं जिन्होंने तीनों फॉर्मेट में बतौर कप्तान शतक जड़ा है। बतौर कप्तान तीनों प्रारूप में शतक लगाने वाले वह पहले भारतीय और दुनिया भर में चौथे खिलाड़ी हैं। 2023 में नागपुर टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक लगाकर उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। यह दिखाता है कि टेस्ट हो, वनडे या टी20, रोहित हर जगह फिट बैठते हैं।

### मैच विनर की पहचान

रोहित शर्मा एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने सभी बड़े आईसीसी टूर्नामेंट्स, जैसे कि वर्ल्ड कप, चैंपियंस ट्रॉफी, टी20 वर्ल्ड कप और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 'प्लेयर ऑफ द मैच' जीता है। इसका मतलब साफ है, जब टीम को जीत चाहिए होती है, रोहित सामने खड़े मिलते हैं।

### छक्के लगाने में सबसे आगे

रोहित शर्मा का नाम आते ही छक्कों की बारिश याद आती है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड उनके नाम है। उनके नाम टेस्ट, वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय को मिलाकर कुल 650 छक्के हैं। यह आंकड़ा बताता है कि रोहित ने सिर्फ रन नहीं बनाए, बल्कि खेल को एंटरटेनमेंट में बदल दिया। उनके बाद क्रिस गेल (553 छक्के) जैसे दिग्गज का नाम आता है।

### उम्र सिर्फ एक नंबर

35 साल की उम्र के बाद भी जिस तरह रोहित ने तीनों फॉर्मेट में शतक लगाए, वह उन्हें अलग बनाता है। क्रिकेट इतिहास में ऐसा करने वाले वह अकेले खिलाड़ी हैं। यह साबित करता है कि क्लास और फिटनेस उम्र से बड़ी होती है।

### SENA देशों में भी जलवा

विदेशी धरती पर रन बनाना हमेशा चुनौती रहा है, खासकर रएठअ देशों (द. अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया) में। लेकिन रोहित ने यहां भी कमाल किया।

तीन डबल सेंचुरी लगाने वाले दुनिया के इकलौते खिलाड़ी, 264 रन की सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी और 150+ स्कोर सबसे ज्यादा (8 बार) बार रोहित के नाम ही हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि वनडे में रोहित का कोई मुकाबला नहीं।

### टी-20 के बॉस

टी20 इंटरनेशनल में भी रोहित का दबदबा कायम है। उन्होंने पांच शतक लगाए, जो संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा है। उनके नाम टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा छक्के भी हैं। वह 100 टी20 अंतरराष्ट्रीय जीत का हिस्सा बनने वाले पहले खिलाड़ी। इसके अलावा वह 35 गेंदों में शतक जड़ चुके हैं, जो कि संयुक्त रूप से दूसरा सबसे तेज है।

## मौजूदा सीजन में शतक जीत की गारंटी नहीं

# पांच बल्लेबाजों की शतकीय पारी के बाद भी टीम को नहीं मिली जीत



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में अब तक नौ शतक लगे हैं। सबसे ज्यादा शतक संजू सैमसन ने लगाए हैं। इस सीजन एक दिलचस्प बात देखने को मिली है। शतक लगाने के बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा है।

टी20 में शतक लगाना बड़ी उपलब्धि माना जाता है। किसी बल्लेबाज ने अगर टी20 मुकाबले में शतक लगा दिया, तो उसकी टीम की जीत सुनिश्चित मानी जाती है, लेकिन आईपीएल 2026 में ऐसा होता नहीं दिख रहा है। इस सीजन में शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की टीमें जीती हैं, लेकिन ऐसे बल्लेबाजों की संख्या ज्यादा है जिनके शतक उनकी टीम को जीत नहीं दिला सके।

**अब तक लगे हैं नौ शतक :** आईपीएल 2026 में 29 अप्रैल तक 41 मैच खेले गए। इन 41 मैचों में नौ शतकीय पारियां आई हैं। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने दो, सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने एक, मुंबई इंडियंस के तीन बल्लेबाजों तिलक वर्मा, क्विंटन डिकॉक और रेयान रिकेल्टन ने एक-एक, दिल्ली कैपिटल्स के केएल राहुल ने एक, गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन ने एक और राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी ने एक शतक लगाया है।

# खिताब बचाने की जंग, मजबूत Chinese Taipei से होगी भारत की भिड़ंत

**नई दिल्ली।** भारत थॉमस कप फाइनल्स के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को चीनी ताइपे की मजबूत टीम से भिड़ेगा और इस मुकाबले को जीतकर अपने दूसरे खिताब की ओर बढ़ने की कोशिश करेगा। भारत ने चार साल पहले अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते हुए थॉमस कप का खिताब जीता था जो बैडमिंटन की विश्व टीम चैंपियनशिप है। इस बार भारत ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है और उसका सामना चीनी ताइपे से होगा जिसने अब तक यह टूर्नामेंट नहीं जीता है। भारत ने अपने अभियान की शुरूआत जोरदार तरीके से करते हुए कनाडा को 4-1 से हराया।

टीम ने इसके बाद ऑस्ट्रेलिया का 5-0 से शिकस्त दी लेकिन चीन को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद उसे 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। चीनी ताइपे की टीम काफी मजबूत नजर आ रही है जिसकी अगुवाई दुनिया के नंबर छठे नंबर के एकल खिलाड़ी चोउ टिएन चेन कर रहे हैं। उनके साथ दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी और मौजूदा ऑल इंग्लैंड चैंपियन लिन चुन-यी और दुनिया के 21वें नंबर के खिलाड़ी ची यू जेन टीम की एकल चुनौती को बेहद मजबूत बनाते हैं। युगल में ताइपे के पास चिउ सियांग चीह और वांग ची-लिन की दुनिया की 14वें तथा ली झे-हुई और यांग पो-सुआन की दुनिया की नंबर 16वें नंबर की जोड़ी है।



दूसरी ओर भारत की टीम काफी अच्छी लय में नजर आ रही है। उसके एकल और युगल दोनों ही खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप की अपनी बेहतरीन लय को यहां भी बरकरार रखा है। उस चैंपियनशिप में वह उपविजेता रहे थे। यहां उन्होंने अपने तीनों मैच जीते हैं। भारत के दो अनुभवी खिलाड़ियों एचएस प्रणय और किदांबी श्रीकांत ने तीसरे एकल मुकाबले की जिम्मेदारी आपस में बांटी है। बुधवार को खेले गए मैच में श्रीकांत ने चीन के लू गुआंग झू के खिलाफ पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए शानदार जीत दर्ज की। प्रणय ने 2022 में भारत की खिताबी जीत के दौरान भी ऐसी ही भूमिका निभाई थी। ऑल इंग्लैंड के फाइनल में जगह बनाने वाले लक्ष्य सेन भले ही तीन गेम वाले दो रोमांचक मुकाबले हार गए हों लेकिन उन्होंने अपने प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया है।

अब जब उनका मुकाबला नाराओका से होगा तो भारत की जीत काफी हद तक उन्हीं पर निर्भर करेगी। वह जापान के इस प्रतिद्वंद्वी से छह बार हार चुके हैं। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी ने अपने शुरूआती दो मैच जीते,लेकिन उसके बाद वे चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से करीबी मुकाबले में हार गए। सात्विक के कंधे की चोट से उबरने के बाद यह उनका पहला टूर्नामेंट था और उम्मीद है कि यह करीबी मुकाबला उन्हें नॉकआउट चरण से पहले तैयारी में मदद करेगा। हरिहरन अमसाकरुणन और एमआर अर्जुन की दूसरी युगल जोड़ी ने भी अब तक अपने तीन में से दो मैच जीते हैं और वे भारत को सेमीफाइनल तक पहुंचाने में मदद करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

# रियान पराग पर BCCI ने लगाया भारी जुर्माना

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बड़ी कार्रवाई की है। पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान रियान ने आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन किया था।



राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बड़ी कार्रवाई की है। रियान पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुमार्ना लगाया है, जबकि आईपीएल की आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन पर उनके खाता में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। रियान ने राजस्थान और पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल 2026 के 40वें मैच के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन किया था जिसे लेकर अब कार्रवाई की गई है।

**रियान की हरकत बीसीसीआई को नहीं आई पसंद**

आईपीएल ने बयान में कहा, रियान को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.21 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो खेल भावना के विरुद्ध आचरण से संबंधित है। यह घटना दूसरी पारी के दौरान घटी जब रियान को ड्रेसिंग रूम के अंदर वेप का इस्तेमाल करते हुए देखा गया। बीसीसीआई टीम, उनके अधिकारी और खिलाड़ियों पर कड़ी कार्रवाई की प्रक्रिया के लिए अन्य विकल्प भी तलाश रहा है जिससे आईपीएल की प्रतिष्ठता बरकरार रहे।

पता चला है कि मैदानी अंपायर तन्मय श्रीवास्तव और नितिन मेनन ने मैच खत्म होने के तुरंत बाद मैच रेफरी अमित शर्मा को इस मामले की शिकायत नहीं की थी। उन्होंने ऐसा तब किया जब उन्होंने इसका वीडियो सबूत देखा। इसके बाद शर्मा ने आईपीएल के नियमों के अनुसार आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए पराग को दोषी पाया। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया से राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ संभावित कार्रवाई के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, जैसा कि बयान में साफ-साफ लिखा है हम इस बात पर विचार कर रहे हैं कि टीम के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाए। अभी इस पर कोई फैसला नहीं हुआ है।

**भारत में वेपिंग पर कानून क्या कहता है?**

भारत में ई-सिगरेट और वेपिंग 'द प्रोहिबिशन ऑफ इलैक्ट्रॉनिक सिगरेट एक्ट', 2019 के तहत प्रतिबंधित है। इस कानून के तहत इनके निर्माण, बिक्री, खरीद, आयात, निर्यात और विज्ञापन पर रोक है। उल्लंघन करने पर भारी जुर्माना और जेल तक की सजा हो सकती है।

### क्या है मामला?

- ⇨पंजाब किंग्स के खिलाफ न्यू चंडीगढ़ में खेले गए मुकाबले के दौरान वह ड्रेसिंग रूम में वेपिंग करते कैमरे में दिखाई दिए।
- ⇨यह वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। उस समय राजस्थान 223 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही थी।
- ⇨वीडियो में पराग के आसपास यशस्वी जायसवाल, युधवीर सिंह चरक और कुलदीप सेन भी नजर आए।
- ⇨यह दूसरी बार है जब राजस्थान रॉयल्स मैदान के बाहर के मामले में विवादों में घिरी है। इससे पहले रोमी भिंडर के डिवाइस इस्तेमाल का मामला सामने आया था।

**अंक तालिका में चौथे स्थान पर मौजूद है राजस्थान**

राजस्थान के लिए आईपीएल का मौजूदा सीजन अच्छा जा रहा है। टीम नौ मैचों में छह जीत और तीन हार के साथ 12 अंक लेकर अंक तालिका में चौथे स्थान पर मौजूद है।

# क्या है फील्डिंग में बाधा डालना और क्यों बल्लेबाज को दिया जाता है आउट

**नई दिल्ली।** अंगकृष रघुवंशी के 'ऑब्स्ट्रक्टिंग द फील्ड' आउट ने आईपीएल में इस दुर्लभ नियम को फिर चर्चा में ला दिया है। यह नियम तब लागू होता है जब बल्लेबाज जानबूझकर फील्डिंग में बाधा डालता है। इस पर अब एमसीसी ने स्पष्टीकरण दिया है।



आईपीएल का मौजूदा संस्करण शतकों के साथ-साथ क्रिकेट नियमों को लेकर भी चर्चा में है। हाल ही में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी को 'ऑब्स्ट्रक्टिंग द फील्ड' यानी 'फील्डिंग में बाधा डालने' के नियम के कारण आउट करार दिया गया था। इसके बाद सोशल मीडिया पर इस नियम को लेकर बहस छिड़ गई। अब क्रिकेट के नियम बनाने वाली संस्था मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने स्पष्टीकरण जारी किया है।

**रघुवंशी के आउट पर छिड़ी बहस:** आईपीएल में केकेआर के युवा बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी के विवादित आउट ने 'ऑब्स्ट्रक्टिंग द फील्ड' यानी 'फील्डिंग में बाधा डालने' के नियम की व्याख्या को लेकर नई बहस छेड़ दी थी। लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ खेले गए मैच में हुई इस घटना के बाद एमसीसी को साफ करना पड़ा कि आखिर किन परिस्थितियों में किसी बल्लेबाज को 'फील्डिंग में बाधा डालने' के तहत आउट दिया जा सकता है।

मैच के दौरान रघुवंशी ने सिंगल रन चुराने की कोशिश की, लेकिन उनके साथी बल्लेबाज ने उन्हें वापस भेज दिया। रघुवंशी ने यू-टर्न लेकर स्ट्राइकर एंड पर लौटने की कोशिश की, तभी फील्डर का थ्रो उन्हें लग गया। इसके बाद अपील हुई और तीसरे अंपायर ने उन्हें 'फील्डिंग में बाधा डालने' के तहत आउट दे दिया। इस फैसले ने क्रिकेट जगत में काफी बहस छेड़ दी।

एमसीसी ने स्पष्ट किया कि इस नियम के तहत बल्लेबाज तभी आउट दिया जा सकता है जब वह जानबूझकर फील्डिंग टीम को बाधित या विचलित करने की कोशिश करे। नियम 37.1.1 के अनुसार, 'अगर कोई बल्लेबाज जानबूझकर शब्द या क्रिया के माध्यम से फील्डिंग साइड को बाधित करता है, तो उसे 'फील्डिंग में बाधा डालने' के तहत आउट दिया जाएगा।'

# पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के बुरे हाल पर अश्विन भी हैरान, प्लेऑफ में पहुंचना बेहद मुश्किल

**मुम्बई।** आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस का खराब प्रदर्शन जारी है। आठ में छह हार के बाद टीम का प्लेऑफ में पहुंचना मुश्किल दिख रहा है। अश्विन ने टीम के खेल पर हैरानी जताई, जबकि कप्तान हार्दिक पांड्या ने गलतियों को स्वीकार किया। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 243 रन बनाकर भी हार ने स्थिति और खराब कर दी।



आईपीएल 2026 में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन हर किसी को चौंका रहा है। टीम ने अब तक आठ मैचों में छह हार झेली है और प्लेऑफ की राह लगभग मुश्किल हो चुकी है। हाल ही में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 243 रन बनाने के बावजूद हार ने स्थिति और गंभीर कर दी। इस प्रदर्शन पर अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने भी हैरानी जताई है।

मुंबई इंडियंस के लिए यह सीजन अब तक बेहद निराशाजनक रहा है। सिर्फ दो जीत के साथ टीम अंक तालिका में नीचे है। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए आमतौर पर 16 अंक जरूरी माने जाते हैं, ऐसे में मुंबई को अपने बचे हुए सभी छह मुकाबले जीतने होंगे। हालांकि इसके बाद भी टीम को दूसरे नतीजों पर निर्भर रहना पड़ सकता है।

**अश्विन भी हैरान**

भारत के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने मुंबई के प्रदर्शन पर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, 'मैं इस सीजन मुंबई के खेल को देखकर हैरान हूं। मेरा दिमाग समझ नहीं पा रहा कि यह कैसे संभव है। सच कहूं तो मुंबई इंडियंस को देखकर मुझे उनके लिए दुख होता है। टूर्नामेंट से पहले यह मेरी पसंदीदा टीम थी, लेकिन कई बार लगा कि यह उनका मैच है, पर ऐसा हुआ नहीं। मुंबई इंडियंस वापसी करेगी, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हो पाया।'

**क्यों नहीं जीत पाएगी मुंबई?**

जब अश्विन से पूछा गया कि क्या मुंबई लगातार छह मैच जीत सकती है, तो उन्होंने साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता। मैं आपको बताता हूं क्यों। उन्होंने केकेआर के खिलाफ 220 रन दे दिए, जबकि किसी और टीम ने इतना स्कोर नहीं दिया। वे 230-240 जैसे बड़े स्कोर का पीछा भी नहीं कर पा रहे हैं। सीएसके के खिलाफ 208 रन का पीछा नहीं कर पाए। अगर पिच बदलती है तो बल्लेबाजी कमजोर पड़ती है और अगर पिच फ्लैट होती है तो गेंदबाजी संघर्ष करती है।'

# अभिषेक-ट्रेविस हेड की जोड़ी बनी नंबर-एक

**मुम्बई।** अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 129 रन की साझेदारी कर आईपीएल में सबसे ज्यादा शतकीय ओपनिंग स्टैंड के रिकॉर्ड की बराबरी की। दोनों अब वॉर्नर-धवन के साथ संयुक्त रूप से नंबर-एक हैं। इस मैच में एसआरएच ने 244 रन का लक्ष्य हासिल कर शानदार जीत दर्ज की।



अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड की जोड़ी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में एक बड़े रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) की सलामी जोड़ी के रूप में दोनों खिलाड़ियों ने बुधवार को मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ पहले विकेट के लिए 129 रन की साझेदारी की। यह आईपीएल में ओपनिंग विकेट के लिए सबसे ज्यादा बार शतकीय साझेदारी करने वाली संयुक्त रूप से नंबर-एक जोड़ी बन गई है।

**ट्रेवि-षेक के नाम सबसे ज्यादा शतकीय साझेदारी**

अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने आईपीएल इतिहास में पहले विकेट के लिए छह बार शतकीय साझेदारी की हैं।

इस लिस्ट में डेविड वॉर्नर-जॉनी बेयरस्टो, फाफ डुप्लेसिस-विराट कोहली और शुभमन गिल-साई सुदर्शन को जोड़ी संयुक्त रूप से दूसरे पायदान पर है, जिन्होंने पांच-पांच बार ऐसा किया।

# 'क्या वैभव एआई हैं?' अब जोस बटलर ने सूर्यवंशी पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी की आक्रामक बल्लेबाजी को लेकर 'अक' वाला मजाक अब चर्चा का विषय बन गया है। जोस बटलर ने भी मजाक में पूछा कि क्या वह एआई हैं। युवा बल्लेबाज ने बुमराह, हेजलवुड और कमिंस जैसे दिग्गजों को पहली गेंद पर छक्का मारकर सभी को हैरान कर दिया है।

आईपीएल 2026 में 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी का जलवा ऐसा है कि अब उनकी बल्लेबाजी पर मजाक-मजाक में सवाल उठने लगे हैं कि क्या वह इंसान हैं या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक)! पहले पाकिस्तान के एक विश्लेषक नौमान नियाज ने यह बात कही थी और अब इंग्लैंड के दिग्गज खिलाड़ी ने भी इसी अंदाज में चुटकी ली है।

### 'अक' वाली चर्चा बनी मजाक

वैभव सूर्यवंशी की तूफानी बल्लेबाजी को लेकर सोशल मीडिया पर एआई वाला मजाक तेजी से वायरल हो गया है। पाकिस्तान के विश्लेषक नौमान नियाज ने मजाक में कहा था कि उनके अंदर एआई चिप लगी है, जिससे वह इतने लंबे-लंबे छक्के मारते हैं। इस पर खुद वैभव ने भी हल्के अंदाज में जवाब दिया था कि यह 'चिप' भगवान ने लगाई है और वह बस मौके का फायदा उठा रहे हैं।



### बड़े गेंदबाजों पर भी भारी

बटलर ने एक दिलचस्प किस्सा भी साझा किया। उन्होंने बताया कि वैभव ने दुनिया के बड़े गेंदबाजों के खिलाफ भी बिना डर के बल्लेबाजी की है। बटलर ने कहा, 'मैं इंस्टाग्राम देख रहा था, जहां पैट कमिंस से बात की जा रही थी। उनसे कहा गया कि वह एक खास क्लब में शामिल हो गए हैं, बुमराह और हेजलवुड के साथ। फिर बताया गया कि उन्होंने भी पहली ही गेंद पर वैभव से छक्का खाया।'

### पहली गेंद पर ही छक्का!

बटलर के मुताबिक, वैभव सूर्यवंशी ने जसप्रीत बुमराह, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस जैसे दिग्गज गेंदबाजों की पहली गेंद पर ही छक्का जड़ा है। उन्होंने कहा, 'एक 15 साल के खिलाड़ी के लिए यह अविश्वसनीय है। कोई कोच कहेगा कि पहले गेंद देख लो, लेकिन उसने तय किया कि पहली ही गेंद पर छक्का मारना है। यह सच में हैरान कर देने वाला है।'

### रिकॉर्ड्स की झड़ी

वैभव सूर्यवंशी पहले ही आईपीएल में अपनी पहचान बना चुके हैं। 2025 में उन्होंने सबसे तेज भारतीय शतक जड़ा था और 2026 में भी शानदार फॉर्म जारी रखी। उनकी लगातार आक्रामक बल्लेबाजी उन्हें इस सीजन का सबसे बड़ा स्टार बना रही है।


### इंग्लैंड के दिग्गज भी हुए शामिल

अब इंग्लैंड के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर भी इस मजाक का हिस्सा बन गए हैं। उन्होंने पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के पॉडकास्ट में मजेदार खुलासा किया। बटलर ने कहा, 'मैंने जोफ्रा आर्चर को मैसेज किया और पूछा- क्या वह अक है? क्या एलन मस्क ने इस टीनएजर को बनाया है, जो बल्ले से जादू करता है? लेकिन नहीं, वह असली है और उसे खेलते देखना शानदार है। मुझे लगता है कि हम उसे इस गर्मी इंग्लैंड में भी देख सकते हैं।' बटलर यहां जून में होने वाले भारत के इंग्लैंड दौरे की बात कर रहे थे।

## मानुष शाह ने जीता निर्णायक मुकाबला

# भारत ने Slovakia को 3-2 से दी मात

**नई दिल्ली।** आईटीटीएफ विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप में भारतीय पुरुष टीम ने रोमांचक वापसी करते हुए स्लोवाकिया को 3-2 से मात दी। 1-2 से पिछड़ने के बाद मानव ठक्कर के दो और मानुष शाह के निर्णायक मैच ने भारत को ग्रुप में शीर्ष पर पहुंचाया।



भारत की पुरुष टीम ने यहां आईटीटीएफ विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप के रोमांचक ग्रुप सात मुकाबले में वापसी करते हुए स्लोवाकिया को 3-2 से हरा दिया। इस जीत के साथ भारत ग्रुप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया और ग्वाटेमाला के खिलाफ अगले मुकाबले से पहले अपनी स्थिति मजबूत कर ली। स्लोवाकिया के खिलाफ मुकाबला उतार-चढ़ाव भरा रहा लेकिन अंत में भारत ने दबाव में धैर्य और दृढ़ता दिखाते हुए जीत हासिल की।

स्लोवाकिया ने शुरूआत में ही बढ़त बना ली जब दुनिया के 149वें नंबर के खिलाड़ी लुबोमीर पिस्टेज ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए 51वीं रैंकिंग वाले मानुष शाह को पांच गेम में 11-8, 5-11, 8-11, 11-5, 11-6 से हरा दिया। भारत के दुनिया के 42वें नंबर के खिलाड़ी मानव ठक्कर ने इसके बाद याकूब जेलिंका को सीधे गेम में 11-6, 11-8, 11-6 से हराकर मुकाबले को 1-1 से बराबर कर दिया। हालांकि तीसरे मुकाबले में स्लोवाकिया ने फिर से बढ़त बना ली जब वांग यांग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हरमीत देसाई को 16-14, 11-5, 11-9 से हराया।

भारत ने 1-2 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी की। मानव एक बार फिर संकटमोचक बनकर उभरे और उन्होंने लुबोमीर को 11-3, 11-3, 11-3 से करारी शिकस्त देकर मुकाबला फिर से बराबर कर दिया। बाएं हाथ के खिलाड़ी मानुष ने निर्णायक मुकाबले में दबाव के बावजूद शानदार प्रदर्शन किया और याकूब को 11-8, 11-8, 11-7 से हराकर भारत को 3-2 की महत्वपूर्ण जीत दिलाई। पुरुष और महिला टीम बृहस्पतिवार को ही अपने अंतिम ग्रुप मैच खेलेंगी।

01 May -26 page 6 30-04-2026 10:25 PM Page 1






# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भाजपा की पदयात्रा

## क्रॉसिंग रिपब्लिक में निकली रैली, विपक्ष के विरोध पर साधा निशाना







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में गुरुवार शाम क्रॉसिंग रिपब्लिक गोल चक्कर से मार्केट तक नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में पदयात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी ने की। पदयात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं

### - कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी ने की

ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में नारे लगाए और विपक्ष द्वारा बिल को रोके जाने का विरोध जताया। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

कार्यक्रम में मंडल संयोजक विदुषी बंसल, सुषमा गॉड, भारतीय नीरज, प्रीति, आरती, रेखा, अनीता शाक्य, रुक्मणी, रश्मि, नेहा, दिशा, प्रियंका, संजना, मोनिका, अंजलि सहित कई महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं। इसके अलावा महानगर पदाधिकारी प्रीति चंद्रा, ऋचा भदौरिया, प्रिया आर्य, रनीता सिंह, ललित कश्यप, आलोक श्रीवास्तव, पुष्पा पांडे, पुरुषोत्तम शर्मा, पारुल शर्मा, आलोक, हरिओम ठाकुर और ममता समेत मंडल के अन्य पदाधिकारी भी शामिल रहे।

# खोड़ा-मकनपुर मंडल में 'महिला जन आक्रोश रैली' आयोजित, नारी शक्ति ने भरी हुंकार




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा-मकनपुर मंडल में गुरुवार को महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल एवं मंडल अध्यक्ष जीतू राय व पंकज कुमार वाल्मीकि के नेतृत्व में 'महिला जन आक्रोश रैली' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजक मंडल उपाध्यक्ष एडवोकेट सिम्पी सिंह रहीं। रैली में मुख्य रूप से महानगर प्रवासी प्रभारी आशीष चौधरी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष रंजीत पांडे, दीपक गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। संयोजक सिम्पी सिंह,आरती भाटी सुनीता अरोड़ा के नेतृत्व में महिलाओं का भारी हुजूम उमड़ा और नारी शक्ति ने अपनी आवाज बुलंद की।




कार्यक्रम में नारी शक्ति मिशन की सह-संयोजक मीनाक्षी लोधी, मंडल उपाध्यक्ष नीतू भाटी, बेबी गिरी, सुनीता सागर, सुनीता शर्मा, रामवती, रिमझिम, रूपा, पिंकी, राजबाला, रश्मि बिष्ट, रामदाना, लीलावती, सुनैना, अंजली, अवंतिका, सुनीता राजपूत, राजवती, ज्योति, रूबी, नेहा, दीपिका, दीपांशी, बृजेश, लता देवी, कोमल, शोभा, मीना चौहान, राजबाला राजपूत, ललिता देवी, मंजू लोधी, रीना कुमारी, प्रियांशी, कुसुमलता देवी, मंगेश मिश्रा, रानी, रेखा, सोनम, हर्षा सहित सैकड़ों महिलाएं शामिल हुईं। योगेश भाटी ने कहा कि नारी शक्ति का यह उत्साह आने वाले समय में बड़े परिवर्तन का आधार बनेगा।

# आईटीएफ में चमके खिलाड़ी, अब राष्ट्रीय टूर्नामेंट पर नजर

**नोएडा।** सेक्टर-117 स्थित शायान स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों ने भुवनेश्वर में आयोजित आईटीएफ जूनियर टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन कर शहर का नाम रोशन किया है। अब ये खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयारी कर रहे हैं।



16 वर्षीय ऋत्विक दत्त (एआईटीए रैंकिंग 34) ने जयपुर में आयोजित अंडर-18 एआईटीए सीएस-7 सिंगल्स का खिताब जीता। साथ ही गोहाना और दिल्ली में हुए टूनार्मेंट में उपविजेता रहे। 17 वर्षीय प्रज्ञान भाटी (रैंकिंग 45) ने सीबीएसई जोनल अंडर-19 में जीत दर्ज की और अजमेर व दिल्ली में एआईटीए सीएस-7 सिंगल्स में उपविजेता रहे।

महिला वर्ग में 14 वर्षीय हंशिता खट्टर (रैंकिंग 47) ने गुरुग्राम में अंडर-14 एआईटीए सीएस-7 सिंगल्स खिताब जीता, जबकि डबल्स व सोनीपत सिंगल्स में उपविजेता रहीं। इस मौके पर हेड कोच हाफिज बेग ने कहा कि खिलाड़ियों से आगे भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

# टग ऑफ वॉर स्टेट चैंपियनशिप में सानवी चौधरी की टीम ने जीता गोल्ड




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** डॉक्टर भीमराव अंबेडकर कॉलेज में आयोजित 36वीं टग ऑफ वॉर स्टेट चैंपियनशिप (पंडित गौतम कॉल कप) में सानवी चौधरी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता।

सीनियर महिला (ए) वर्ग के 500 किलो भार वर्ग में खेले गए फाइनल मुकाबले में सानवी चौधरी पुत्री जुगेन्द्र सिंह चौधरी की टीम ने अमेठी यूनिवर्सिटी दिल्ली की टीम को पराजित कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। सानवी की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। फोटोग्राफर एसोसिएशन (रजि.) ट्रांस हिंडन साहिबाबाद व फोटोग्राफर वेलफेयर एसोसिएशन गाजियाबाद ने टीम के खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रवीण भाटी ने कहा कि बेटियों का खेलों में इस तरह आगे बढ़ना समाज के लिए प्रेरणादायक है। विजेता खिलाड़ियों का क्षेत्र में भव्य स्वागत किया जाएगा।

# दिव्यांगजनों को मिलेगा आवास, व्हाट्सएप से करें आवेदन: अंशुल चौहान

## मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 1.20 लाख की सहायता

### पात्रों से आवेदन की अपील

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जनपद में ग्रामीण क्षेत्रों के दिव्यांगजनों को सुरक्षित एवं सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) संचालित की जा रही है। इस संबंध में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अंशुल चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि पात्र लाभार्थियों को आवास निर्माण हेतु 1.20 लाख की आर्थिक सहायता तीन किश्तों में दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत लाभार्थियों को मनरेगा के अंतर्गत 90 दिनों का रोजगार भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे आवास निर्माण में सहयोग मिल सके। अंशुल चौहान के अनुसार, आवेदन के लिए दिव्यांगजन का ग्रामीण क्षेत्र का निवासी होना, न्यूनतम 40 प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाण पत्र होना, आवासहीन या कच्चे/जर्जर मकान में निवास करना तथा स्वयं के नाम आवास निर्माण हेतु भूमि होना आवश्यक है। साथ ही आवेदक बीपीएल या आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से संबंधित होना चाहिए। उन्होंने बताया कि इच्छुक पात्र दिव्यांगजन सादे कागज पर आवेदन लिखकर विकास भवन स्थित कार्यालय (कमरा नंबर 131) में जमा कर सकते हैं या व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 8791491011 पर भी भेज सकते हैं। व्हाट्सएप से भेजे गए आवेदन भी मान्य होंगे।



आवेदन में नाम, दिव्यांगता का विवरण, परिवार की जानकारी, पता और मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा। आवेदन प्राप्त होने के बाद विभाग द्वारा संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज-आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड, आय व निवास प्रमाण पत्र, बैंक खाते की प्रति और फोटो-मांगे जाएंगे। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने पात्र दिव्यांगजनों से योजना का लाभ उठाने के लिए आगे आने की अपील की है, ताकि उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराया जा सके।

# स्वीमिंग पूल में मौत : संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**हापुड़, करंट क्राइम।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मोदीनगर रोड स्थित एक स्वीमिंग पूल में नहाने के दौरान युवक की पानी में डूबने से मौत के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। मृतक के भाई ने आरोपी स्वीमिंग पूल संचालक पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।



गौरतलब है कि पिलखुवा के मोहल्ला साकेत निवासी आशीष सिंघल ड्राई फ्रूट और मसालों का कारोबार करते थे। रविवार को वह अपने दो दोस्तों पुनीत और ललित के अलावा अपने पुत्र और पुत्री के साथ वे नगर कोतवाली हापुड़ क्षेत्र में गांव बदनौली के पास स्थित एक स्वीमिंग पूल में नहाने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान बच्चे पास में बने छोटे पूल में नहा रहे थे, जबकि आशीष अपने दोस्तों के साथ गहरे पानी वाले पूल में थे। इसी दौरान अचानक आशीष गहरे पानी में चले गए और डूब गए। दोस्त उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मामले में मृतक के भाई नितिन जिंदल ने स्वीमिंग पूल संचालक अंकुर त्यागी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि उनके भाई ने नहाने के दौरान तैरने के लिए ट्यूब और अन्य सुरक्षा उपकरण मांगे गए, लेकिन पूल कर्मचारियों ने उपकरण उपलब्ध कराने से मना कर दिया।

आरोप है कि स्वीमिंग पूल में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। बड़ी बात है कि यहां सीसीटीवी कैमरे तक लगे नहीं हुए थे और न ही कोई लाइफगार्ड मौजूद था।

इतना ही नहीं, घटना के बाद घायल को समय पर अस्पताल पहुंचाने की भी उचित व्यवस्था नहीं की गई। सीओ वरुण कुमार मिश्रा का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है और आरोपी की तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# 13 मई को ओपन कोर्ट हियरिंग

**ग्रेटर नोएडा, करंट क्राइम।** टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली है।

टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मेघराज भाटी ने बताया कि आरटीई के पूर्व से नियुक्त शिक्षकों के लिए भी टीईटी की अनिवार्यता संबंधी सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की फिर से समीक्षा होगी। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश ने सभी रिव्यू पेटीशन को मान्य मानते हुए 13 मई को ओपन कोर्ट हियरिंग का निर्णय लिया है। इससे देश भर के लगभग 22 लाख शिक्षकों को राहत मिलेगी।

# अशोक चौहान गैंग से जुड़े संजीव के खिलाफ प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, प्लॉट किया कुर्क



**हापुड़।** हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर में तहसीलदार पवन कुमार और इंस्पेक्टर देवेंद्र बिष्ट ने थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के निवासी अशोक चौहान गैंग से जुड़े संजीव पुत्र रामपाल निवासी चांदनेर के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए महावीर कॉलोनी में स्थित प्लॉट को कुर्क कर दिया।

# महिला आरक्षण विधेयक रोकने के विरोध में भाजपा इंदिरापुरम मंडल का आक्रोश प्रदर्शन




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** महिला आरक्षण विधेयक को संसद में रोकने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी महानगर गाजियाबाद के आह्वान पर इंदिरापुरम मंडल द्वारा शुक्रवार को न्याय खंड-3 स्थित शुक्रवार चौक पर आक्रोश प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक को रोकना देश की करोड़ों महिलाओं के अधिकारों का घोर अपमान है। इस अन्याय के खिलाफ नारी शक्ति के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए आवाज बुलंद की जाएगी। मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता ने सभी माताओं-बहनों, सामाजिक संस्थाओं, आरडब्ल्यूए, एनजीओ और जागरूक नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की। प्रदर्शन का नारा 'नारी सम्मान - देश का अभिमान, अब अन्याय नहीं सहेगा हिंदुस्तान' रहेगा। इस दौरान महामंत्री देवाशीष दत्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी, अजय गुप्ता, विमला रावत, नेहा जैन, लक्ष्मी रावत, अरुणा गुप्ता, अनुपम शुक्ला, नंदकिशोर सरदारे आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# बारिश ने दी राहत, आंधी बनी आफत

### - बृहस्पतिवार को ग्रेटर नोएडा में तेज आंधी के साथ बारिश से मौसम हुआ सुहाना

**नोएडा, करंट क्राइम।** लू व तेज धूप की मार सह रहे शहर के लोगों को बारिश ने राहत दी है। बृहस्पतिवार दोपहर में तेज हवा के साथ झमाझम बारिश हुई। जिससे मौसम खुशनुमा हो गया। हालांकि बारिश से पहले धूल भरी आंधी ने परेशान किया, लेकिन बारिश ने धूल को खत्म कर दिया। करीब 30 मिनट तक बारिश हुई। बारिश के बाद शहर के लोगों को जलभराव और बिजली आपूर्ति बाधित होने की समस्या का सामना करना पड़ा। देर शाम तक सभी इलाकों में आपूर्ति सामान्य हो सकी। बृहस्पतिवार सुबह तेज धूप के कारण लोग गर्मी से बचते दिखे, लेकिन दोपहर 3 बजे के करीब मौसम ने करवट ली और आसमान पर बादल छा गए। कुछ देर बार धूल भरी आंधी ने लोगों को परेशान किया। तेज आंधी की वजह से दोपहर में ही अंधेरा छा गया। ग्रेटर नोएडा के आसमान में धूल छाई हुई थी। लेकिन बारिश ने धूल को खत्म कर दिया। इकोटेक तीन, सूरजपुर कस्बा, तिलपता रोड के साथ शहर के गोल चक्करों पर जलभराव से यातायात प्रभावित रहा।





# कौन थ्री-स्टार दिखवा रहा है कुंडली

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार थ्री- स्टारों की संख्या में तेज गति से इजाफा हो रहा है। तो अब यह बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में थ्री-स्टारों की संख्या 90 के पार पहुंच चुकी है। बताया जा रहा है कि कभी थाने पर एक-एक थ्री-स्टार ही मुश्किल से होते थे। पर अब तो मिनिमम दो हैं ही और उन कार्यालय और सेल में भी थ्री-स्टारों की भरमार हो गई है, जहां कभी सिर्फ हेड ही पूरा लोड ले लिया करते थे। इन सबके बीच जानकारी भी यह मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एक थ्री-स्टार इन दिनों कई स्थानों पर अपनी कुंडली दिखवा रहे हैं। बताया जा रहा है कुंडली दिखाने के पीछे मकसद अपनी ग्रह दशा की जानकारी जुटाना है। उनका मानना है कि वह लंबे समय से कुर्सी से आउट चल रहे हैं, इसीलिए उनके ऊपर डाउट वाला सवाल आ गया है। अब पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि उनकी कुंडली दिखाने की जानकारी इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट में चर्चा का विषय बनी हुई है। अब देखना होगा कि थ्री-स्टार की कुंडली के क्या योग बनते हैं। क्या उन पर कोई कृपा होती है या फिर वह लाइन में ही वेट करेंगे। उधर सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से तेज गति से अप्रैल वाला महीना बीता है, तो अब मई की शुरूआत हो गई है। वैसे बताया जा रहा है कि अभी लगभग एक सप्ताह का और वेट होगा। इसके बाद कमिश्नरेट वाले सिस्टम में कई बड़े उलटफेर होंगे। जानकारी यह मिली है कि जिस तरीके से एक सिटी वाले नदिया पार जाने के लिए बेकरार थे,तो मामले पर शायद ब्रेक लग सकता है। सूत्र बता रहे हैं कि आने वाली लिस्ट पुलिस कमिश्नरेट में अधिकांश थानों पर जातिगत समीकरण ही सेट होंगे। वहीं सिटी वाले एक सर्किल के लिए टेंशनों का दौर अभी खत्म नहीं हो रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि जल्द ही देहात के थानों का निरीक्षण होने वाला है। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि मई की आईजीआरएस और रैंकिंग वाली रिपोर्ट पर भी कुछ अधिकारियों की नजर रहने वाली है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जो थ्री-स्टार कुंडली का योग बनवाते घूम रहे हैं। देखना होगा उन पर कितनी कृपा बरसती है। वैसे सूत्र यह बता रहे हैं कि जिस तरीके से क्राइम वाले इसे कंट्रोल करने का काम कर रहे हैं, तो उनकी हर जोन में धमक बरकरार है और काम का डंका भी पूरे शोर के साथ जमकर बज रहा है।




# बाइक पर आठ सवार, तहसील रोड पर खतरनाक स्टंट

**गढ़मुक्तेश्वर, करंट क्राइम।** नगर में एक ही बाइक पर आठ युवक सवार होकर स्टंट करते नजर आए। यह घटना तहसील रोड की बताई जा रही है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि युवक बिना किसी डर के सड़कों पर स्टंट कर रहे हैं।



लोगों का कहना है कि क्षेत्र में आए दिन इस तरह के स्टंट देखने को मिलते हैं लेकिन पुलिस स्तर से कार्रवाई नहीं होने के कारण ऐसे युवकों के हौसले बुलंद हैं। लोगों ने मांग की है कि वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। पुलिस प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि वह इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सख्त कदम उठाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। सीओ स्तुति सिंह का कहना है कि वीडियो के आधार पर आरोपियों की तलाश कराई जा रही है।

# हापुड़ रेलवे स्टेशन पर दो ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनों का मिला ठहराव

**हापुड़, करंट क्राइम।** गर्मी के मौसम में ट्रेनों में चल रही लंबी वेटिंग से रेल यात्रियों को राहत दिलाने के लिए रेलवे द्वारा ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। हापुड़ रेलवे स्टेशन पर आनंद विहार से सहरसा और पूर्णिया कोर्ट की बीच संचालित होने वाली दो स्पेशल ट्रेनों को ठहराव दिया गया है, जिससे रेल यात्रियों को राहत मिलने की उम्मीद है।

पूर्णिया कोर्ट से आनंद विहार टर्मिनल जाने वाली ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन 26 अप्रैल से 12 जुलाई तक प्रत्येक शनिवार और सोमवार रात्रि 11:20 बजे रेलवे स्टेशन आएगी और दो मिनट ठहराव के बाद गाजियाबाद के लिए रवाना हो जाएगी। आनंद विहार टर्मिनल से पूर्णिया कोर्ट को जाने वाली स्पेशल ट्रेन 28 अप्रैल से 14 जुलाई के बीच रविवार और मंगलवार को सुबह 6:46 बजे रेलवे स्टेशन आएगी और दो मिनट ठहराव के बाद मुरादाबाद के लिए रवाना हो जाएगी।

# श्रमिकों को बांटे जाएंगे 15 हजार छोटे एलपीजी गैस सिलिंडर

### - 56,000 गैस सिलिंडर का किया जा चुका है वितरण

**नोएडा।** आपूर्ति विभाग गैस कंपनियों के साथ मिलकर आज श्रमिक दिवस पर छोटे सिलिंडर का विरतण करेगा। 5 किग्रा के कुल 15,000 गैस सिलिंडर का वितरण करने का लक्ष्य तय किया गया है। हालांकि ज्यादातर उद्योग बंद होने के कारण लक्ष्य पूरा नहीं हो सकता है। इस कारण विभाग ने बृहस्पतिवार से वितरण शुरू कर दिया। जो चार दिन तक चलेगा। अफसरों ने बताया कि उद्योगों की तरफ से मिली सूची के आधार पर ही सिलिंडर दिए जाएंगे।





दरअसल गैस नहीं मिलने के कारण काफी श्रमिक जिले के पलायन कर चुके है। ऐसे में प्रशासन उनको छोटे गैस सिलिंडर उपलब्ध करवा रहा है। इस माह गैस कंपनियों की मदद से प्रशासन 5 किग्रा के कुल 56,000 गैस सिलिंडर का वितरण कर चुका है। इनमें 41,000 सिलिंडर भारत गैस और 15,000 सिलिंडर इंडेन कंपनी की तरफ से वितरित किए गए हैं। वहीं अब प्रशासन ने श्रमिक दिवस पर 5 किग्रा के कुल 15,000 गैस सिलिंडर का वितरण करने का लक्ष्य तय किया है। प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी स्मृति गौतम ने बताया कि श्रमिक दिवस पर ज्यादातर कंपनियां बंद रहेंगी। ऐसे में इनका वितरण बृहस्पतिवार से शुरू कर दिया गया है। 30 अप्रैल से 3 मई तक 15,000 सिलिंडर का वितरण होगा। हालांकि अभी तक उद्योगों से केवल 6000 सिलिंडर की मांग आई हैं। उन्होंने बताया कि उद्योगों की तरफ से मिलने वाली सूची के आधार पर ही सिलिंडर दिए जाएंगे।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

**Adesh Sharma** is with **Manoj Pandit** and **13 others.**
6h ·

🎂🍰👑💐 बड़े भाई पंडित धर्मेंद्र शर्मा जी को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना करता हूं कि पूरे परिवार पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखें आप स्वस्थ रहें परिवार के बड़े होने के नाते पूरे परिवार का सही मार्गदर्शन करते रहे ऐसी भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना करता हूं🍰🍰🎉💕



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आदेश शर्मा ने अपने बड़े भाई धर्मेंद्र शर्मा को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। आदेश शर्मा ने पूरे परिवार के कल्याण की कामना करते हुए प्रभु से धर्मेंद्र शर्मा के उत्तम स्वास्थ्य, लंबी आयु और यशस्वी जीवन की कामना की। आदेश शर्मा ने अपने भाई के जन्मदिन पर अपनी शुभकामनाओं को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# वॉर पावर्स एक्ट: जो निक्सन से ओबामा तक के लिए बना चुनौती, 1 मई को ट्रंप करेंगे सामना

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ सैन्य हमला शुरू किया था, लेकिन इसकी अमेरिकी संसद को इसकी औपचारिक जानकारी 2 मार्च को दी गई। यही तारीख इस पूरे मामले में निर्णायक बनती है, क्योंकि इस आधार पर 60 दिन की समयसीमा तय होती है। यह समयसीमा अमेरिकी कानून 'वॉर पावर रेजोल्यूशन' के तहत आती है।

1973 में लागू इस कानून का उद्देश्य राष्ट्रपति की युद्ध संबंधी शक्तियों को सीमित करना और कांग्रेस की भूमिका को मजबूत करना था। इसके अनुसार, यदि राष्ट्रपति बिना संसद की मंजूरी के सेना का इस्तेमाल करते हैं, तो उन्हें 60 दिनों के भीतर कांग्रेस से इसकी अनुमति लेनी होती है। इस मामले में 2 मार्च से गिनती करने पर 1 मई वह अंतिम तारीख बनती है, जिसके भीतर ट्रंप प्रशासन को संसद की मंजूरी हासिल करनी होगी। अगर




ऐसा नहीं होता, तो कानून के मुताबिक सैन्य कार्रवाई समाप्त करनी चाहिए।

मंजूरी हासिल करने के लिए अमेरिकी संसद–यानी हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स और सीनेट–दोनों में साधारण बहुमत आवश्यक होता है। लेकिन, अब तक इस कार्रवाई को लेकर कोई औपचारिक मंजूरी नहीं मिली है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रंप की अपनी पार्टी के कम से कम 10 सांसद इस युद्ध के खिलाफ हैं, जिससे बहुमत जुटाना कठिन हो सकता है।

हालांकि कानून स्पष्ट रूप से 60 दिन की सीमा तय करता है, लेकिन व्यवहार में स्थिति इतनी सीधी नहीं रही है। कई अमेरिकी राष्ट्रपतियों ने अतीत में वॉर पावल रेजोल्यूशन के प्रावधानों को पूरी तरह नहीं माना है। इनमें निक्सन, रोनाल्ड रीगन, जॉर्ज डब्ल्यू बुश, बिल क्लिंटन, ओबामा और खुद ट्रंप रहे हैं। उनका तर्क रहा है कि यह कानून राष्ट्रपति की संवैधानिक शक्तियों में हस्तक्षेप करता है, खासकर

**अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई क्या 1 मई 2026 के बाद जारी रहेगी? सवाल यह है कि क्या 1 मई के बाद भी अमेरिका यह कार्रवाई जारी रख सकता है या उसे रुकना होगा!**

जब बात राष्ट्रीय सुरक्षा और त्वरित सैन्य कार्रवाई की हो।

यदि कांग्रेस से मंजूरी नहीं मिलती, तो भी राष्ट्रपति किसी न किसी कानूनी व्याख्या या राष्ट्रीय सुरक्षा के तर्क के आधार पर सैन्य कार्रवाई जारी रखने की कोशिश कर सकते हैं। इससे कार्यपालिका और विधायिका के बीच टकराव की स्थिति भी बन सकती है।

1 मई की समयसीमा केवल कानूनी नहीं, बल्कि राजनीतिक रूप से भी बेहद अहम बन गई है। जिसमें ये देखना वाकई दिलचस्प होगा कि ट्रंप प्रशासन कांग्रेस से समर्थन हासिल करने में कामयाब रहता है या नहीं–और अगर नहीं, तो क्या वह कानून का पालन करेगा या फिर पहले की तरह परंपरा को चुनौती देने में यकीन रखेगा। क्या इस बार कांग्रेस और व्हाइट हाउस के बीच सहमति बनती है या फिर एक नया संवैधानिक विवाद खड़ा हो जाएगा?

# 'खाड़ी में विदेशी हुक्म नहीं चलेगा': पेजेशकियान की ट्रंप को दो टूक, होर्मुज में नाकाबंदी पर भी दी चेतावनी

**तेहरान।** फारस की खाड़ी और होर्मुज को लेकर ईरान और अमेरिका के बीच तनातनी एक बार फिर बहुत ज्यादा बढ़ गई है। 'फारस की खाड़ी राष्ट्रीय दिवस' के मौके पर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अमेरिका और इस्राइल को बहुत ही कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने साफ शब्दों में कह दिया है कि ईरान किसी भी विदेशी दबाव, समुद्री नाकाबंदी या धमकियों के आगे झुकने वाला देश नहीं है और वह डटकर इसका सामना करेगा।

राष्ट्रपति पेजेशकियन ने अपने बयान में कहा है कि फारस की खाड़ी कोई ऐसा अखाड़ा नहीं है जहां विदेशी ताकतें आकर अपनी मर्जी थोप सकें। उन्होंने मौजूदा अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के प्रशासन पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि ईरान के खिलाफ समुद्री पाबंदियां लगाना अंतरराष्ट्रीय नियमों का खुला उल्लंघन है। उन्होंने सख्त चेतावनी दी कि अगर फारस की खाड़ी में कोई भी अशांति या खतरा पैदा होता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सिर्फ और सिर्फ अमेरिका और जायोनी शासन



(इस्राइल) की होगी।

**ईरान ने अमेरिका को क्या कड़ी चेतावनी दी?**

मसूद पेजेशकियन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि फारस की खाड़ी विदेशी मर्जी थोपने की कोई जगह नहीं है। होर्मुज ईरान की राष्ट्रीय संप्रभुता (आजादी) और क्षेत्रीय सुरक्षा का सबसे बड़ा प्रतीक है। ईरान फारस की खाड़ी और होर्मुज की सुरक्षा का असली रक्षक है। ईरान पर समुद्री नाकाबंदी लगाने या पाबंदी लगाने की कोई भी कोशिश पूरी तरह से फेल हो जाएगी। उन्होंने 26 अप्रैल को ही साफ कर दिया था कि दबाव, धमकी और घेराबंदी के माहौल में ईरान कभी कोई बातचीत नहीं करेगा। ईरान की सेना 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' के मुताबिक, ट्रंप प्रशासन की रणनीति अब बदल चुकी है। ट्रंप का प्रशासन अब दुनिया की ऊर्जा को संभालने के बजाय हर जगह 'व्यवधान' (गड़बड़ी) पैदा करने पर उतर आया है।

आईआरजीसी ने दावा किया कि अमेरिका ने यह 'व्यवधान परियोजना' खास तौर पर चीन, रूस और यूरोप को रोकने के लिए शुरू की थी। लेकिन, 20 दिनों के भीतर ही व्हाइट हाउस को यह समझ आ गया है कि उनका यह प्रोजेक्ट बुरी तरह फेल हो गया है। अमेरिका की इस चाल के बाद, अब ईरान 'व्यवधान के खिलाफ बने गठबंधन' का मुख्य केंद्र बन गया है।

**अगर अमेरिका ने दबाव बढ़ाना जारी रखा तो क्या होगा?**

ईरानी राष्ट्रपति ने कहा है कि दुनिया में ऊर्जा ले जाने वाले जरूरी रास्तों की सुरक्षा करने में ईरान की नौसेना बहुत अहम भूमिका निभाती है।

# सात साल बाद फिर जुड़ रहे अमेरिका-वेनजुएला

## बंदिशों के बाद बदले हालात: काराकास में उतरेगी पहली सीधी उड़ान

**काराकास।** अमेरिका और वेनेजुएला के बीच सात साल बाद सीधी हवाई सेवा फिर शुरू हो रही है। पहली फ्लाइट मियामी से काराकास पहुंचेगी। 2019 में सुरक्षा कारणों से यह सेवा बंद कर दी गई थी। अब कूटनीतिक संबंध बहाल होने के बाद यह कदम उठाया गया है। इससे यात्रियों को सीधी यात्रा और व्यापार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

करीब सात साल के लंबे अंतराल के बाद अमेरिका और वेनेजुएला के बीच सीधी हवाई सेवा फिर शुरू होने जा रही है। गुरुवार को अमेरिका से उड़ान भरने वाली पहली कमर्शियल फ्लाइट वेनेजुएला की राजधानी काराकास में उतरेगी। 2019 में सुरक्षा कारणों से उड़ानों पर रोक लगा दी गई थी। अब दोनों देशों के बीच रिश्तों में आई नरमी और कूटनीतिक बहाली के बाद यह कदम उठाया गया है। इससे दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क बढ़ने और व्यापार को नई गति मिलने की उम्मीद है।




### फ्लाइट कब और कैसे चलेगी?

- यह फ्लाइट अमेरिकन एयरलाइन्स की सहयोगी कंपनी एन्वॉय एयर चला रही है।
- फ्लाइट मियामी से सुबह उड़ान भरेगी और करीब तीन घंटे में कराकस पहुंचेगी।
- उसी दिन वापसी की सेवा भी उपलब्ध होगी।
- 21 मई से दूसरी दैनिक फ्लाइट शुरू करने की योजना है।
- इससे यात्रियों को ज्यादा विकल्प मिलेंगे।

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने जनवरी में वेनेजुएला के लिए हवाई क्षेत्र खोलने का संकेत दिया था। ट्रंप ने कहा था कि

### यह फ्लाइट क्यों है इतनी अहम?

- करीब सात साल बाद शुरू हो रही यह फ्लाइट दोनों देशों के रिश्तों में बड़े बदलाव का संकेत है।
- 2019 में सुरक्षा चिंताओं के चलते उड़ानें बंद कर दी गई थीं।
- अब राजनयिक संबंध बहाल होने के बाद सेवा फिर शुरू हुई है।
- अमेरिका और वेनेजुएला के बीच सीधे संपर्क का रास्ता खुला है।
- लोगों को अब तीसरे देशों के जरिए यात्रा नहीं करनी पड़ेगी।

अमेरिकी नागरिक अब सुरक्षित तरीके से वेनेजुएला जा सकेंगे। अमेरिका ने हाल ही में कराकस में अपना दूतावास भी फिर से खोला है। इससे दोनों देशों के बीच कूटनीतिक रिश्ते मजबूत हुए हैं।

इस नई शुरूआत से आम लोगों और कारोबार दोनों को फायदा होगा। परिवारों को मिलने का मौका मिलेगा।

# 'अपनी परमाणु और मिसाइल क्षमताओं की करेगा रक्षा ईरान', मोजतबा खामेनेई का अमेरिका को संदेश

**दुबई।** पश्चिम एशिया में अस्थायी संघर्ष विराम के बाद अनिश्चितता और तनाव का माहौल बना हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की लगातार चेतावनियों के बीच ईरान के सर्वोच्च नेता ने कहा कि उनका देश अपनी मिसाइल व परमाणु क्षमताओं की रक्षा करेगा।

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने गुरुवार को कहा कि उनका देश अपनी परमाणु और मिसाइल क्षमताओं की रक्षा करेगा और उन्हें एक राष्ट्रीय संपत्ति मानता है। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इन मुद्दों पर किसी तरह का समझौता चाहते हैं। एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रिपोर्ट के मुताबिक, मोजतबा खामेनेई ने यह बयान एक लिखित संदेश में दिया। इसे ईरान के सरकारी टेलीविजन पर पढ़कर सुनाया गया। उन्होंने अपने



पिता अयातुल्ला अली खामेनेई की जगह ली है, जिनकी 28 फरवरी को हवाई हमले में मौत हो गई थी।

### सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने क्या कहा?

मोजतबा खामेनेई ने कहा, देश और विदेश में रहने वाले करीब नौ करोड़ ईरानी अपने देश की सभी क्षमताओं को राष्ट्रीय संपत्ति मानते हैं। इनमें अत्यंत सूक्ष्म तकनीक (नैनोटेक्नोलॉजी), जैव प्रौद्योगिकी से लेकर परमाणु और मिसाइल तकनीक तक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि लोग इन सभी चीजों की वैसे ही रक्षा करेंगे जैसे वे अपने देश की जमीन, पानी और हवाई क्षेत्र की रक्षा करते हैं।

'फारस की खाड़ी में विदेशी ताकतों को जगह नहीं'

सर्वोच्च नेता ने यह भी कहा, अमेरिका की जगह केवल फारस की खाड़ी के 'पानी के नीचे' है। उन्होंने दावा किया, होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का नियंत्रण बना रहेगा। उन्होंने कहा कि फारस की खाड़ी क्षेत्र का भविष्य अमेरिका के बिना होगा और यह क्षेत्र अपने लोगों की प्रगति व समृद्धि के लिए काम करेगा।

खामेनेई ने यह भी कहा, फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के आसपास रहने वाले देशों का साझा भविष्य है और हजारों किलोमीटर दूर से आने वाली विदेशी ताकतों के लिए यहां कोई जगह नहीं है।

# अमेरिकी सेना की ईरान के बंदरगाहों पर नाकेबंदी, 42 जहाजों को रोका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य में नाकेबंदी कर 42 जहाज रोके, ईरान के तेल राजस्व पर असर; ईरान ने इसे समुद्री डकैती बताया और सैन्य कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

अमेरिकी सेना ने घोषणा की है कि उसने ईरानी बंदरगाहों में समुद्री वाणिज्य को रोकने के लिए लगाई गई नाकेबंदी के तहत 42 जहाजों को रोका है। यह कार्रवाई ईरान के तेल निर्यात से होने वाले संभावित राजस्व को बाधित करने के उद्देश्य से की गई है। ईरान ने इस कार्रवाई को खुले तौर पर समुद्री डकैती करार दिया है और अभूतपूर्व सैन्य कार्रवाई की धमकी दी है।

**सोशल मीडिया पर अमेरिका ने दी जानकारी**

अमेरिकी सेंट्रल कमांडर ब्रैड कूपर ने सोशल मीडिया एक्स पर बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि अमेरिकी बलों ने नाकेबंदी का उल्लंघन करने का प्रयास कर रहे 42वें वाणिज्यिक जहाज को रोका है। उन्होंने बताया कि नाकेबंदी में अभी 41 टैंकर फंसे हुए हैं। इन टैंकरों में अनुमानित 690 लाख बैरल तेल है, जिसका संभावित राजस्व 6 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है।

**ईरान ने इसे डकैती बताया**

कूपर ने कहा, नाकेबंदी अत्यधिक प्रभावी है, और अमेरिकी बल पूर्ण प्रवर्तन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। ईरान के मुख्य सैन्य कमान, खातम अल-अनबिया सेंट्रल मुख्यालय ने बताया कि सशस्त्र बलों ने उस समय हस्तक्षेप नहीं किया क्योंकि चालक दल के सदस्यों के परिवार जहाज पर सवार थे। ईरान ने अमेरिका की इस कार्रवाई को समुद्री डकैती बताया है।

# वन मंत्रालय और WWF के बीच जैव विविधता संरक्षण पर समझौता

नेपाल के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय और वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड (हहत्र) ने जैव विविधता संरक्षण और सतत विकास को मजबूत करने के लिए एक समझौता किया है। यह समझौता हिमालयी राष्ट्र में संयुक्त प्रयासों को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और वैश्विक प्रतिबद्धताओं के साथ संरेखित करेगा। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ नेपाल ने यह जानकारी दी।

सतत विकास लक्ष्यों के मजबूत करना उद्देश्य

समझौते का उद्देश्य देश की जैव विविधता, वन, जलवायु परिवर्तन, आर्द्रभूमि, कृषि और सतत विकास से संबंधित नीतियों और रणनीतियों को मजबूत करना है। इसमें सतत विकास लक्ष्यों और राष्ट्रीय नियोजन ढांचों को भी शामिल किया गया है। ये नीतियां नेपाल के सतत विकास के लिए जैविक संसाधनों के संरक्षण पर जोर देती हैं। समझौता भू-दृश्य स्तर की रणनीतियों और प्रजाति संरक्षण कार्य योजनाओं के महत्व को भी स्वीकार

## सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करना उद्देश्य




करता है।

### दस वर्षों में चार करोड़ अमेरिकी डॉलर तक का वितरण

डब्ल्यूडब्ल्यूएफ नेपाल के प्रतिनिधि घनश्याम गुरुंग ने कहा, इस सहयोग के माध्यम से, हमारा लक्ष्य संरक्षण भू-दृश्यों में विज्ञान-आधारित और समुदाय-संचालित समाधानों को बढ़ाना है। उन्होंने आगे कहा कि यह नेपाल की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और वैश्विक पर्यावरणीय प्रतिबद्धताओं में योगदान देगा। समझौते के तहत, वन मंत्रालय और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ नेपाल संयुक्त रूप से संरक्षण भू-दृश्यों और संरक्षित क्षेत्रों में कार्यक्रम और परियोजनाएं डिजाइन और लागू करेंगे। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ नेपाल अगले दस वर्षों में चार करोड़ अमेरिकी डॉलर तक का वितरण करेगा, जो धन की उपलब्धता पर निर्भर करेगा।

### नीति कार्यान्वयन और लाभ

वन मंत्रालय के योजना, निगरानी और समन्वय प्रभाग के प्रमुख राजेंद्र केसी ने कहा, संसाधनों और विशेषज्ञता को संरेखित करके, हम राष्ट्रीय नीतियों के कार्यान्वयन को बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करेगा कि संरक्षण से लोगों और पारिस्थितिकी तंत्र दोनों को लाभ मिलें। इस दीर्घकालिक साझेदारी का उद्देश्य प्रकृति पर निर्भर समुदायों के जीवन और आजीविका में सुधार करना भी है। यह समझौता देश के सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### नेपाल की जैव विविधता की रक्षा का उद्देश्य

मंत्रालय के मार्गदर्शन में, संबंधित सरकारी विभाग डब्ल्यूडब्ल्यूएफ नेपाल के साथ मिलकर काम करेंगे। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ नेपाल प्रांतीय वन मंत्रालयों और उनकी संस्थाओं, जैसे मंडल वन कार्यालयों (डीएफओ) और संरक्षित क्षेत्र कार्यालयों (पीएओ) के साथ भी समन्वय करेगा। अन्य सरकारी एजेंसियां भी इस सहयोग का हिस्सा होंगी। यह साझेदारी नेपाल की समृद्ध जैव विविधता की रक्षा के लिए एक साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है।


# एआई जीसस की फोटो पर क्रिपके ने उठाए सवाल

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ दिन पहले खुद को जीसस के रूप में दिखा कर तस्वीर साझा की थी। इस पर द बॉयज के निमार्ता ने टिप्पणी की है।

द बॉयज सीरीज के निमार्ता और शो रनर एरिक क्रिपके ने कहा है कि इस दुनिया में अब व्यंग्य में मात देना वाकई मुश्किल है। दरअसल, उनके सीरीज के एक एपिसोड में किरदार खुद को भगवान कहता है। इस शो के प्रसारित होने से ठीक पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुद को यीशु के रूप में दिखाते हुए एक तस्वीर जारी की थी।

### हमें व्यंग्य पेश करने का मौका दे

क्रिपके का शो जो अपने पांचवें और अंतिम सीजन में है। यह भ्रष्ट सुपरहीरो के एक समूह के बारे में है। इस समूह का सबसे खतरनाक नेता होमलैंडर है, जो एक श्वेत वर्चस्ववादी और सर्वशक्तिमान सुपरहीरो है जिसकी महत्वाकांक्षा दुनिया पर राज करने की






है। पॉलीगॉन के साथ एक साक्षात्कार में, क्रिपके ने कहा कि वह 'दुनिया के शो को प्रतिबिंबित करने से थक गए हैं। उन्होंने कहा, 'मैं मार्केटिंग की सराहना करता हूं। मैं बस इतना चाहता हूं कि क्या आप हमें कुछ व्यंग्य पेश करने का मौका दे सकते हैं। इससे पहले कि आप यह साबित कर दें कि यह हमारे इरादे से कहीं अधिक यथार्थवादी है?

उन्होंने आगे कहा एक महीने पहले जब हम मार्केटिंग की बात कर रहे थे, तो मैंने कहा था कि होमलैंडर का खुद को भगवान कहना बहुत ही अजीब है। हमें इस विचार को जनता के सामने पेश करने में सावधानी बरतनी होगी, क्योंकि लोग कहेंगे कि वह हद से ज्यादा आगे बढ़ गया है और देखिए हम यहां हैं। इस दुनिया को व्यंग्य के मामले में मात देना वाकई बहुत मुश्किल है।'

### क्या है मामला?

दरअसल, राष्ट्रपति ट्रंप इसी महीने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह खुद को यीशु मसीह जैसे रूप में दिखाते नजर आए। इस तस्वीर में वह एक बीमार व्यक्ति को स्पर्श करते हुए दिखाई दे रहे थे, वहीं, आसपास मौजूद लोग उन्हें श्रद्धा से देख रहे हैं। इस पोस्ट को लेकर लोगों ने सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएं दिखाई। वहीं, कुछ लोगों ने इसे आपत्तिजनक और ईशनिंदा भी बताया था। हालांकि बाद में ट्रंप ने इस तस्वीर को डिलीट कर दी।

# 'कहीं उन्हें दिल का दौरा न पड़ जाए': ईरान ने यूएस को दी खतरनाक हथियार की धमकी, दोनों देशों में टकराव हुआ तेज

**ईरान।** ईरान ने अमेरिका और इस्राइल के खिलाफ संघर्ष के बीच नए खतरनाक हथियार के इस्तेमाल की चेतावनी दी है। ईरानी नौसेना प्रमुख शहराम ईरानी ने दावा किया कि यह हथियार दुश्मनों के बेहद करीब है और इससे वे घबरा जाएंगे। आइए विस्तार से जानते हैं।

पश्चिम एशिया में हालात तेजी से बिगड़ते नजर आ रहे हैं। ईरान ने अमेरिका और इस्राइल के खिलाफ जारी संघर्ष के बीच एक नए और डर पैदा करने वाले हथियार के इस्तेमाल की खुली चेतावनी दी है।

### ईरान की खुली धमकी

ईरानी नौसेना प्रमुख रियर एडमिरल शहराम ईरानी ने सरकारी मीडिया से बातचीत में कहा कि इस्लामिक गणराज्य बहुत जल्द ऐसा हथियार इस्तेमाल करेगा जिससे दुश्मन बुरी तरह घबरा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह हथियार दुश्मन के बेहद करीब मौजूद है और तंज कसते हुए बोले, उम्मीद है कि उन्हें दिल का दौरा न पड़ जाए।



### दुश्मन की कोशिश पूरी तरह नाकाम रही

ईरानी कमांडर ने अमेरिकी रणनीति पर भी तीखा हमला बोला और कहा कि आर्थिक दबाव और तेल व्यापार को रोककर तेहरान को बातचीत की मेज पर लाने की कोशिश पूरी तरह नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि दुश्मन यह मान बैठे थे कि वे कम समय में अपने लक्ष्य हासिल कर लेंगे, लेकिन अब यही सोच सैन्य अकादमियों में मजाक बन चुकी है।

### ट्रंप ने ईरान के प्रस्ताव को ठुकराया

यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के उस प्रस्ताव को ठुकरा दिया, जिसमें होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के बदले अमेरिकी नाकेबंदी हटाने की बात कही गई थी। इस प्रस्ताव में ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत को भी टालने का सुझाव शामिल था, जिसे अमेरिका ने सिरे से खारिज कर दिया।

### ईरान ने क्या किया दावा?

ईरानी कमांडर ने दावा किया कि ईरानी बलों ने अमेरिकी विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन (सीवीएन-72) के खिलाफ कम से कम सात मिसाइल ऑपरेशन अंजाम दिए, जिसके कारण कुछ समय के लिए अमेरिका उस पोत से विमान उड़ाने या हवाई अभियान चलाने में असमर्थ रहा। हालांकि, इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। ईरान ने यह भी कहा कि अमेरिका और इस्राइल द्वारा युद्ध शुरू किए जाने के बाद उसने अब तक 100 से अधिक जवाबी हमले किए हैं, जो पश्चिम एशिया में अमेरिकी और इजरायली ठिकानों पर केंद्रित थे।

# भारतीय मूल की महिला समेत तीन एक्टिविस्ट दोषी फिलिस्तीन का समर्थन करने पर लगा लाखों का जुर्माना

**सिंगापुर।** सिंगापुर में फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन करने पर भारतीय मूल की एक महिला समेत तीन एक्टिविस्ट को दोषी ठहराते हुए प्रत्येक पर 2,341 डॉलर का जुमार्ना लगाया गया। हाई कोर्ट ने निचली अदालत के बरी करने के फैसले को पलटते हुए कहा कि महिलाओं को यह समझ होना चाहिए था कि वे प्रतिबंधित क्षेत्र में जुलूस निकाल रही हैं।

सिंगापुर में फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन करने के मामले में भारतीय मूल की एक महिला समेत तीन महिला एक्टिविस्ट को दोषी ठहराया गया है। अदालत ने प्रत्येक पर 2,341 अमेरिकी डॉलर (करीब 2.2 लाख रुपये) का जुमार्ना लगाया है। यह फैसला उस समय आया जब हाई कोर्ट ने निचली अदालत द्वारा दी गई बरी करने की राहत को पलट दिया।

स्ट्रेट्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, मलय मूल की मोस्सम्मद सोबिकुन नाहर (26), सिटी अमीरा मोहम्मद असरोरी (30) और भारतीय



मूल की अन्नामलाई कोकिला पार्वती (37) पर 2 फरवरी 2024 को राष्ट्रपति भवन इस्ताना के बाहर एक जुलूस आयोजित करने का आरोप था। यह क्षेत्र सिंगापुर के सार्वजनिक व्यवस्था कानून के तहत प्रतिबंधित क्षेत्र माना जाता है।

इससे पहले अक्तूबर 2025 में जिला अदालत ने तीनों महिलाओं को बरी कर दिया था। जिला जज जॉन एनजी ने अपने फैसले में कहा था कि हालांकि महिलाओं ने जुलूस निकाला, लेकिन उन्हें यह उचित रूप से पता नहीं था कि वह इलाका प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा था कि आरोप साबित करने की जिम्मेदारी अभियोजन पक्ष की है, जिसमें शारीरिक कृत्य के साथ मानसिक तत्व भी शामिल है।

हालांकि, डिप्टी पब्लिक प्रॉसीक्यूटर हे हंग चुन ने हाई कोर्ट में दलील दी कि महिलाओं के खिलाफ आरोप वास्तविक जानकारी पर नहीं बल्कि इस आधार पर थे कि उन्हें तर्कसंगत रूप से पता होना चाहिए था कि यह क्षेत्र प्रतिबंधित है। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस पहले ही इस्राइल-हमास संघर्ष से जुड़े किसी भी आयोजन पर रोक लगाने की सलाह जारी कर चुकी थी। अभियोजन पक्ष ने यह भी कहा कि दो आरोपियों सिटी और सोबिकुन को पहले इसी मुद्दे पर एक कार्यक्रम रद्द होने की जानकारी थी, जो एक चेतावनी संकेत था। इसके अलावा, सार्वजनिक सभाओं से जुड़े नियमों की जानकारी ऑनलाइन हर समय उपलब्ध रहती है।

वहीं, बचाव पक्ष के वकील डेरेक वोंग ने अदालत में कहा कि कानून की जानकारी होना और यह जानना कि कौन सा क्षेत्र प्रतिबंधित है, दोनों अलग-अलग बातें हैं। उन्होंने दलील दी कि निचली अदालत ने सही कानूनी परीक्षण लागू किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत में पेश सीसीटीवी फुटेज में दिखा कि करीब 70 लोग प्लाजा सिंगापुरा शॉपिंग मॉल के बाहर इकट्ठा हुए थे और वहां से इस्ताना की ओर बढ़े।

### कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले पर क्या कहा?

हाई कोर्ट के न्यायाधीश सी की ओन ने अभियोजन पक्ष की अपील को स्वीकार करते हुए कहा कि तीनों महिलाओं को यह समझ होना चाहिए था कि वे जिस मार्ग से जुलूस निकाल रही हैं, वह प्रतिबंधित क्षेत्र में आता है। अदालत ने माना कि निचली अदालत ने मामले के मेंटल एलिमेंट यानी इरादे से जुड़े कानूनी परीक्षण को सही ढंग से लागू नहीं किया।

# किंग चार्ल्स का अमेरिका दौरा क्यों है खास


**वॉशिंगटन।** ईरान युद्ध में साथ न देने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, सार्वजनिक तौर पर ब्रिटिश सरकार की आलोचना कर चुके हैं और वे नाटो के भविष्य पर भी सवाल उठा चुके हैं। हालांकि अब किंग चार्ल्स के अमेरिका दौरे से दोनों देशों के संबंधों में फिर से गरमाहट आने की उम्मीद की जा रही है। अमेरिका इस सप्ताह ब्रिटेन के राजा किंग चार्ल्स तृतीय और रानी कैमिला के राजकीय दौरे की मेजबानी कर रहा है। किंग चार्ल्स का यह दौरा कई मायनों में खास है। दरअसल यह दौरा एक तरह से अमेरिका और ब्रिटेन के रिश्तों में आ रही खटास को खत्म करने का अहम मौका है और इसमें ब्रिटेन की शाही परिवार की सॉफ्ट पावर बेहद अहम है। किंग चार्ल्स ने भी अमेरिका में अपने बयानों में नाटो की एकजुटता पर जोर दिया है। पहले टैरिफ युद्ध और अब ईरान युद्ध में शामिल होने से ब्रिटेन के इनकार के चलते अमेरिका और ब्रिटेन के संबंध तनावपूर्ण चल रहे हैं। ईरान युद्ध में साथ नहीं देने के लिए ट्रंप कई बार सार्वजनिक तौर पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की तीखी आलोचना कर चुके हैं।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
08 | शुक्रवार • 01 मई -2026

# गाजियाबाद




## जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से एमएलसी दिनेश गोयल की शिष्टाचार भेंट, योजनाओं को बताया जनहितकारी



**लखनऊ।** भाजपा एमएलसी दिनेश गोयल ने उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान ह्लहर घर नलझ्हर घर जलह्व योजना एवं नमामि गंगे मिशन के तहत प्रदेश में जल संरक्षण और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में हो रहे कार्यों पर चर्चा हुई। एमएलसी दिनेश गोयल ने मंत्री के नेतृत्व में संचालित इन योजनाओं को जनहितकारी बताते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि मंत्री की कार्यशैली एवं संगठन के प्रति समर्पण कार्यकताओं के लिए प्रेरणादायक है। भेंट के दौरान मिले स्नेह एवं मार्गदर्शन के लिए भी धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉदड़ ने किया ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सुरक्षा व व्यवस्थाओं की समीक्षा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के तहत जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार मॉदड़ ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और रखरखाव का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने, साफ-सफाई बनाए रखने और सभी व्यवस्थाओं को समय पर दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का नियमित अनुपालन किया जाए, ताकि किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे, जिनमें भाजपा से सुभाष चन्द्र शर्मा, कांग्रेस से इस्माइल खान, समाजवादी पार्टी से ताहिर हुसैन और बहुजन समाज पार्टी से मनोज कुमार शामिल रहे। प्रशासन की ओर से एडीएम (एल/ए) अवनीश सिंह सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## हापुड़ में महाकाली वाहिनी की पहली बैठक, मातृशक्ति को संगठन से जुड़ने का आह्वान

### ऋषिकेश में 9-10 मई को अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन, महिलाओं को आत्मरक्षा व जागरूकता पर जोर



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** राधिका पुरी क्षेत्र में महाकाली वाहिनी की पहली बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन की राष्ट्रीय समन्वयक डॉ उदिता त्यागी सहित कई पदाधिकारी और स्थानीय महिलाएं शामिल हुईं। बैठक में महिलाओं की सुरक्षा, आत्मरक्षा और सामाजिक जागरूकता जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। डॉ उदिता त्यागी ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में महिलाओं को अपने परिवार और अस्तित्व की रक्षा के लिए सशक्त होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि महाकाली वाहिनी का उद्देश्य महिलाओं को आध्यात्मिक, सामाजिक और व्यावहारिक रूप से मजबूत बनाना है, ताकि वे हर चुनौती का सामना कर सकें। उन्होंने जानकारी दी कि महाकाली वाहिनी का पहला दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन 9 और 10 मई 2026 को ऋषिकेश में आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।



बैठक में संगठन के सात प्रमुख उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला गया, जिनमें महिलाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण, सनातन परंपराओं की जानकारी, सामाजिक जागरूकता और सहयोग नेटवर्क तैयार करना शामिल है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सह-समन्वयक डॉ श्वेता शर्मा, रीना त्यागी, महानगर समन्वयक निशी त्यागी, मंडल समन्वयक मधु त्यागी सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं। स्थानीय स्तर पर वर्षा त्यागी, वंदना अग्रवाल, रीता वर्मा, रेखा केडिया, रेनू अग्रवाल, दीप्ति त्यागी, कविता गर्ग, शिल्पा त्यागी और दिविषा मित्तल समेत अन्य महिलाओं ने भागीदारी की।

## सीडीओ अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

### निपुण आकलन से गुणवत्ता सुधार पर जोर, नामांकन बढ़ाने के दिए निर्देश





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की अप्रैल माह की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मार्च की प्रगति की समीक्षा करते हुए शैक्षिक गुणवत्ता सुधार पर विशेष जोर दिया गया। सीडीओ ने कहा कि निपुण विद्यालय आकलन का उद्देश्य रैंकिंग नहीं बल्कि कमियों को दूर कर शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर करना है। उन्होंने निपुण सेल के सहयोग से मॉनिटरिंग डैशबोर्ड तैयार करने और पिछले तीन वर्षों के परिणामों की तुलना करने के निर्देश दिए।

बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को सम्मानित करने की भी बात कही गई। नामांकन अभियान की समीक्षा करते हुए बताया गया कि 1 अप्रैल से शुरू स्कूल चलो अभियान के तहत अब तक 9000 बच्चों का प्रवेश हुआ है, जबकि 18000 का गैप शेष है। इसे ब्लॉकवार रणनीति बनाकर पूरा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बाल वाटिका में 3 से 5 वर्ष के बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

सीडीओ ने कहा कि जनपद के सभी विद्यालय अब संपर्क टीवी से आच्छादित हैं, इसलिए शिक्षण में इसका उपयोग सुनिश्चित किया जाए और डाटा नियमित रूप से सिंक किया जाए। चिंपल ऐप के 100% उपयोग का लक्ष्य तय करते हुए शिक्षकों को बच्चों और अभिभावकों को इससे जोड़ने के निर्देश दिए गए। उन्होंने आरटीई प्रगति पर असंतोष जताते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालय स्तर पर विशेष बैठकें कर सुधार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही संघर्षशील विद्यालयों पर विशेष ध्यान देने और मई माह में शत-प्रतिशत निपुण आकलन पूरा करने को कहा।

बैठक में डायट उपप्राचार्य ज्योति दीक्षित, बीएसए ओ.पी. यादव, एएओ विकास बघेल, डीसी माध्यमिक पवन भाटी सहित सभी खंड शिक्षा अधिकारी, सीडीपीओ, एआरपी एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## रामलीला समिति राजनगर के खातों की जांच के आदेश, 2016 से अब तक ऑडिट होगा

### वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतों पर उप रजिस्ट्रार का सख्त कदम




**गाजियाबाद।** चिट्स, फर्म्स एंड सोसाइटीज विभाग के उप रजिस्ट्रार गाजियाबाद ने श्री रामलीला समिति राजनगर के खातों की व्यापक जांच और लेखापरीक्षा (ऑडिट) के आदेश दिए हैं। यह कार्रवाई समिति के कार्यों में कथित वित्तीय अनियमितताओं की लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर की गई है। उप रजिस्ट्रार ने वर्ष 2016-17 से लेकर वर्तमान समय तक समिति के सभी खातों, अभिलेखों, बैंक खातों और चल-अचल संपत्तियों की जांच करने का निर्देश दिया है। आदेश में कहा गया है कि लेखापरीक्षा की प्रक्रिया चार सप्ताह के भीतर पूरी की जाए और इसका खर्च समिति द्वारा वहन किया जाएगा।

### संविधान विरुद्ध कार्यों पर लिया गया संज्ञान

यह आदेश समिति के संस्थापक सदस्य व पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी और आजीवन सदस्य व अधिवक्ता आकाश वशिष्ठ की शिकायतों पर पारित किया गया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि समिति के पूर्व पदाधिकारियों द्वारा कई वर्षों से वित्तीय अनियमितताएं की जा रही थीं।

### पूर्व आदेश में कार्यकारिणी को किया गया था कालातीत घोषित

उप रजिस्ट्रार ने 10 सितंबर 2025 के अपने पूर्व आदेश का हवाला देते हुए बताया कि जय कुमार गुप्ता के नेतृत्व वाली कार्यकारिणी को पहले ही कालातीत घोषित किया जा चुका है। आदेश में यह भी उल्लेख था कि जय कुमार गुप्ता को अध्यक्ष पद पर बने रहने का विधिक अधिकार नहीं था। चंदे के दुरुपयोग और सदस्यता में अनियमितता के आरोप शिकायतकताओं का आरोप है कि समिति द्वारा बड़े पैमाने पर चंदा एकत्र किया गया, जिसमें अधिकांश राशि नकद थी और उसका उपयोग धार्मिक कार्यों के बजाय निजी खर्चों में किया गया। यह भी आरोप लगाया गया कि संविधान में 101 आजीवन सदस्यों का प्रावधान होने के बावजूद करीब 350 सदस्य बनाए गए और उनसे प्रतिवर्ष 11,000 रुपये वसूले गए।

**अनधिकृत खर्च और मैदान में कार्यों पर सवाल :** शिकायत में यह भी कहा गया है कि रामलीला मैदान में अनधिकृत रूप से विद्युत पोल लगाए गए, जबकि वहां पहले से पर्याप्त व्यवस्था मौजूद थी। आरोप है कि धार्मिक आयोजन के लिए प्राप्त दान का उपयोग अन्य मदों में किया गया। हाईकोर्ट में भी मामला, एफआईआर पर सवाल मामले को लेकर आकाश वशिष्ठ द्वारा 2024 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका भी दायर की गई थी, जिसमें कथित वित्तीय कदाचारों की जांच की मांग की गई।

## नोएडा में दो वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की स्कूटी और अवैध हथियार बरामद



**नोएडा (करंट क्राइम)।** थाना सेक्टर-126 पुलिस ने एनसीआर क्षेत्र में दोपहिया वाहन चोरी करने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और निशानदेही पर चोरी की एक स्कूटी, एक मोटरसाइकिल, घटना में प्रयुक्त एक स्कूटी तथा अवैध शस्त्र बरामद किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में आठ मुकदमे दर्ज हैं।

थाना सेक्टर-126 के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि एक महिला ने स्कूटी चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस टीम गठित कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया गया, जिसमें दो संदिग्ध युवक स्कूटी ले जाते दिखाई दिए। इसके आधार पर पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना की मदद से कैलाश सिंह बघेल पुत्र जय किशन और कार्तिक बाजपेई पुत्र विनोद कुमार बाजपेई को सेक्टर-94 से गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सुनियोजित तरीके से वाहन चोरी करते थे। पहले वे ऐसे स्थानों की रेकी करते थे जहां वाहन बिना लॉक के खड़े होते थे। इसके बाद एक आरोपी चोरी किए जाने वाले वाहन पर बैठता था और दूसरा अपनी स्कूटी से पैर के सहारे धक्का देकर वाहन को बिना स्टार्ट किए वहां से ले जाता था, ताकि किसी को शक न हो। चोरी के वाहनों को आरोपी तुरंत बेचने के बजाय यमुना डूब क्षेत्र की झाड़ियों में छिपाकर रखते थे और बाद में मौका मिलने पर बेच देते थे।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदियापार के बजरंगी भईया के अब अंदाज पहले की तरह नहीं रहे हैं धार धार? हम देख रहे हैं इस योजना में तो नहीं हो रहे हैं उनके दीदार? सुना है जहां मैडम को लेकर उनके दिल में है पहले से खुन्नस? वैसा ही वो भगवा टॉम क्रूज को लेकर भी महसूस करा रहे हैं यार? आपने देखा होगा आजतक जितने भी कार्यक्रम टॉम क्रूज ने किये हैं? उसमें नहीं दिया है बजरंगी ने दीदार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदियापार में त्यागी दीदी ने प्रोग्राम किया बहुत ही खास? बहनों का प्रोग्राम था तो फिर देखते बन रहे थे योद्धा के भी अल्फाज? उन्होंने कहा शगुन में होना चाहिए अब और ईजाफा? हम भाईयों को देना चाहिए इन सबको 21 हजार का लिफाफा? सुना है ये शब्द सुनकर एक महामंत्री ने दिया अपने खोपड़े से पैगाम? कहा शगुन देने वाली प्रक्रिया में मैं सबसे छोटा हूं? इसलिए सबसे लास्ट में रखना मेरा नाम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हसबैन्ड की मैम्बर पत्नी को गनर क्या मिला? उसके बाद चर्चायें हो गयीं बहुत ज्यादा आम? कहने वाले ने कहा कि मिस्टर हसबैन्ड ने बिना बोले ही कर दिया अपने घनिष्ठ साथियों का काम तमाम? सुना है उनके साथी प्राईवेट गनर लेकर मचाते हैं अपनी प्रतिष्ठा का शोर? अब यहां पर जब से खाकी वाला इनको मिला है? जरूर उनके दिलों में बिजली गिरी होगी घनघोर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं आपको बता रहा हूं अंदर की बात? जितने भी चेहरे बंगाल चुनाव में बाद में ड्यूटी पर गये थे? उनको पार्टी ने खुद से नहीं बुलाया था साहब? इन चेहरों ने खुद ही किया था चुनाव में आने का निवेदन? जैसे तैसे स्वीकार हुआ इनमें से कई चेहरों का आवेदन? बस ये चेहरे यहां पर कुछ और ही दे रहे हैं संदेश? बोल रहे हैं पार्टी ने इसलिए हमको बुलाया? क्योंकि वो जरूरी समझ रही थी चुनावों में हमारा फेस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** बंगाल वाले चुनाव से एक बात और आयी है बाहर? जिनकी प्योर रूप से ड्यूटी लगी थी? उनको स्पष्ट संदेश था कि उनके फोटो नहीं आने चाहिए सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफॉर्म से बाहर? ऑरिजनल ड्यूटी वाले कर रहे थे इस बात का सख्ती से पालन? मगर जो खुद से गये चुनाव में, वो नहीं पेश कर पाये ये उदाहरण? उन्होंने कर दिये अपने ये फोटो फेसबुक पर अपलोड? सुना है पार्टी ने इस बात को कर लिया है गम्भीरता से नोट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम बताना चाहते हैं आपको बंगाल चुनाव में जाने की तमन्ना रखने वाले एक पूर्व अध्यक्ष की कहानी? इन पूर्व अध्यक्ष ने बंसल जी से लगाई थी चुनाव में ड्यूटी लगाने की अरदास? मगर सुना है बंसल जी ने इनकी फाईल नहीं की बिल्कुल भी पास? इनके निवेदन को उन्होंने कर दिया अस्वीकार? कहने वाले ने कहा कि बात तो ये दो चेहरों के बीच में हुई थी? ना जाने कैसे आ गयी फिर ये बाहर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमारी ये बात उन तक पहुंचा दो भाई? अगर उन्होंने नहीं पढ़ी तो हो जायेगी निष्कासन की कार्यवाही? सुना है लेडी फाईटिंग वाले मैटर में पार्टी ने लिया है गम्भीरता से संज्ञान? फिलहाल इन पर कोई कार्यवाही हो या ना हो? भविष्य में अगर अब ऐसी घटना हुई तो ऐसे क्रांतिकारियों का कर दिया जायेगा इंतजाम? नहीं सुने जायेगी फिर किसी भी पक्ष की बात? कार्यवाही का मानक तय हो गया है? मजबूत कर दिये गये हैं जिम्मेदार लोगों के हाथ?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आप लिखकर रख लो हमारी बात? प्रदेश में मंत्री बनेंगे एक ठाकुर साहब? हो गयी है इनकी लगभग पटकथा तैयार? बस अब आप करो 4 मई के बाद का इंतजार? अब इसे आप किस तरीके से लो ये आपका है विचार? जो भी हो होना है ये ठाकुर चेहरे के साथ? इतनी बात अंदर से आ रही है बाहर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कहीं पर बैठकर महानगर के एक बड़े पदाधिकारी कर रहे थे बात? कह रहे थे मैं इतनी मेहनत कर रहा हूं? फिर भी बांधने वाले बांधना चाह रहे हैं मेरा ईलाज? आप ही समझ जाओ मैं कर रहा हूं किस ओर ईशारा? आखिर ये क्यूं मेरे पीछे लगे रहते हैं? मैंने है इनका क्या बिगाड़ा? कहने वाले ने कहा देखते ही बन रहा था ईमोशन से भरा ये वाला नजारा?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक खबर है अंदर से आ रही? स्मार्ट मीटर के विरोध में समाजवादी कर रहे हैं बड़े आंदोलन की तैयारी? सपा के कई नेता फेसबुक पर मांग रहे हैं स्मार्ट मीटर से परेशान लोगों के मोबाईल नम्बर और नाम? किसी आंदोलन का लिया जा रहा है यहां पर पैगाम? कहने वाले ने कहा कि कभी भी हो सकता है धरना और प्रदर्शन? देने वाले दें इस मैटर पर गम्भीरता से ध्यान?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**


!! ॐ शान्ति !!                !! ॐ शान्ति !!

**शोक सन्देश**

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।



आपको बड़े दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे
पूजनीय पिताजी **श्री सुरेश कुमार गोयल** (फ़रीदनगर वाले)
का स्वर्गवास दिनांक 19/04/2026, दिन रविवार को हो गया था।
उनकी आत्मा की शान्ति के लिए
**रस्म पगड़ी** दिनांक 01/05/2026, दिन शुक्रवार
को होगी।

**कार्यक्रम**

हवन ........................ प्रातः 8.00 बजे (निज निवास स्थान)
ब्रह्मभोज (प्रसाद) ........................ दोपहर 12.00 बजे
श्रद्धांजलि ........................ दोपहर 2.00 बजे
रस्म पगड़ी ........................ दोपहर 3.00 बजे

कार्यक्रम स्थलः अग्रसेन मार्केट, नियर राणा फ़ार्म हाउस, मुरादनगर

**पुत्र**
रमन गोयल – 9219865123
मनीष गोयल – 9259116984
नितिन गोयल (पूर्व मंडल अध्यक्ष) – 7017296790

**शोकाकुल परिवार**
वेद प्रकाश गोयल (चाचा)
एवं समस्त गोयल परिवार


## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।